हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

www.naisochlive.com | पटना, सोमवार, 04 नवंबर 2024, वर्ष- 07, अंक- 252, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com



स्त्री 2 के मेकर्स की नई हॉरर-कॉमेडी फिल्म थामा का एलान आयुष्मान -रश्मिका के बीच दिखेगी लव-स्टोरी



## नेपाल का भैरहवा अंतराष्ट्रीय विमानस्थल फिर शुरू हुआ, सिर्फ 7500 रुपये में बैंकाक का सफर



**एजेंसी, काठमांडू।** नेपाल के दूसरे अंतराष्ट्रीय विमानस्थल का रविवार से फिर संचालन शुरू किया गया है। भगवान गौतम बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी के पास निर्मित गौतम बुद्ध अंतराष्ट्रीय विमानस्थल पर आज बैंकाक की पहली फ्लाइट ने लैंडिंग की। इस विमानस्थल के पुनः संचालन होने पर प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने प्रसन्नता जाहिर की है। ओली ने विश्वास व्यक्त किया है कि भैरहवा की तरह जल्द ही पोखरा विमानस्थल का नियमित संचालन भी शुरू किया जायेगा। अपने निर्माण के दो साल बाद एक बार फिर से संचालन में लाए गए भैरहवा विमानस्थल पर रविवार को थाई एयर एशिया विमान की लैंडिंग से शुरुआत हुई है। करीब एक वर्ष पहले भी जब पहली बार भैरहवा एयरपोर्ट का संचालन किया गया था तो उस समय भी इसी एयरलाइंस ने शुरुआत की थी। विमानस्थल के प्रवक्ता विनोद सिंह रावत ने बताया कि यात्रियों की कमी की वजह से एयर एशिया सहित वहां से उड़ान भरने वाले जजीरा एयर की उड़ान भी बंद हो गई। रावत ने कहा कि आज थाई एयर एशिया के विमान से बैंकाक से एक भी यात्री नहीं आया।

# अमित शाह ने झारखंड की हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का किया आह्वान

एजेंसी, चतरा




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को झारखंड के चतरा जिले के सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय में विजय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस झारखंड सरकार को बदल दीजिए। हेमंत सोरेन की सरकार को उखाड़ कर फेंक दीजिए। शाह ने कहा कि हेमंत सोरेन गरीबों की बात करते हैं। मैं पूछने आया हूं कि पांच साल में अपने परिवार के अलावा किसी का भला किया हो तो उसकी सूची लाइए। नरेन्द्र मोदी ने बिजली दी, पानी दी, पांच लाख तक मुफ्त में इलाज कराया। हेमंत बाबू आपने कुछ किया है तो मुझे जरूर बताइए। कांग्रेस के सांसद के घर से 350 करोड़ मिला था। मंत्री आलमगीर के घर से 30 करोड़ मिला। ये पैसा किसका है। ये पैसा आपका है। आप चिंता मत करो। कमल फूल की सरकार बनाओ उनको जेल की सलाओं के पीछे डालने का काम भाजपा करेगी। शाह ने कहा कि आपने मोदी को तीसरी बार पीएम बनने का मौका दिया। राम मंदिर का राहुल गांधी, लालू यादव, हेमंत सोरेन विरोध करते रह गये। मोदी ने मंदिर बनवा भी दिया और प्राण प्रतिष्ठा भी करवा दिया। इनलोगों ने आजतक कश्मीर के मसलों को उलझाकर रखा। मोदी ने 2019 को धारा 370 को हटाकर कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बना दिया। झारखंड में घुसपैठिए हमारी बेटियों को फंसा रहे हैं। रोटी, बेटी और माटी की रक्षा हेमंत सोरेन नहीं कर पाएंगे। झारखंड को घुसपैठियों से केवल भाजपा बचा सकती है। हम एक-एक घुसपैठियों को चुन चुनकर बाहर निकालेंगे। आप एक बार कमल फूल पर और हेलीकॉप्टर पर वोट देकर देखो। शाह ने कहा कि यहां पर नक्सलवाद का बोलबाला था। पांच साल में हमनें नक्सलवाद को उखाड़कर फेंक दिया। आपलोग बालू माफिया से परेशान है या नहीं है। आप कमल को जिताओ, बालू माफिया जेल की सलाखों के पीछे होंगे। हेमंत सोरेन की सरकार दलित विरोधी है। पिछड़ा विरोधी है। कांग्रेस भी दलित, आदिवासी विरोधी है। झारखंड में भाजपा की सरकार आने पर दलहन में एमएसपी, धान 3100 रुपये के दाम पर भाजपा खरीदेगी। झारखंड की माटी बेटी और रोटी की हर हाल में भाजपा सरकार रक्षा करेगी। उन्होंने चतरा से एनडीए प्रत्याशी जनार्दन पासवान और सिमरिया से भाजपा प्रत्याशी कुमार उज्जवल को जिताने की अपील की। गृह मंत्री ने नक्सलवाद को भी झारखंड की बड़ी समस्या बताया और कहा कि वर्ष 2026 तक नक्सलवाद को झारखंड ही नहीं पूरे देश में जड़ से खत्म कर दिया जाएगा। भाजपा सरकार बुजुर्गों को मुफ्त इलाज, गृहणियों को दीपावली और रक्षाबंधन के त्योहार में मुफ्त सिलेंडर, गो गो दीदी योजना सहित झारखंड के धार्मिक स्थलों को समृद्ध करेगी। भाजपा सरकार का लक्ष्य झारखंड को खुशहाल प्रदेश बनाना है। बाबा बैद्यनाथ और बाबा बासुकीनाथ को तीर्थ क्षेत्र बनाने के लिए 500-500 करोड़ खर्च करेंगे। राज्य के प्रमुख देवी मंदिर देवड़ी मंदिर, भद्रकाली मंदिर को भगवती सर्किट बनाने का काम होगा। यह चुनाव माटी, रोटी व बेटी बचाने का चुनाव है।

## श्रीनगर के रविवारीय बाजार में हुआ ग्रेनेड ब्लास्ट, 12 लोग घायल



एजेंसी, श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में रविवार को टूरिस्ट रिसेप्शन सेंटर के करीब स्थित संडे मार्केट में हुए ग्रेनेड ब्लास्ट में कम से कम 12 लोग घायल हो गए। इस घटना के बाद पूरे इलाके को घेर लिया गया और हमलावरों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। घायलों की संख्या में इजाफा हो सकता है। आतंकी हमलों को लेकर सीएम उमर ने चिंता जाहिर की है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने आतंकी घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, कि निर्दोष दुकानदारों और नागरिकों पर इस तरह के हमले का कोई औचित्य नहीं हो सकता है। उन्होंने सुरक्षा तंत्र से आग्रह किया कि वे इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करें, ताकि लोग बिना डर के अपना जीवन जी सकें। कश्मीर में हुए ग्रेनेड हमले में करीब 12 लोग घायल बताए गए हैं जिन्हें तुरंत श्रीमहाराजा हरि सिंह अस्पताल (एसएमएचएस) में भर्ती कराया गया है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. तस्नीम शौकत ने मीडिया को बताया है कि घायलों में आठ पुरुष और एक महिला शामिल हैं और सभी की हालत फिलहाल स्थिर है। घायल व्यक्तियों में मिस्बा (17 वर्ष), निवासी टैंट्री, नौगाम, अजान कालू (17 वर्ष), निवासी नूरबाग, हबीबुल्लाह राथर (50 वर्ष), निवासी कलूसा बांदीपोरा, अल्ताफ अहमद सीर (21 वर्ष), निवासी अमशीपोरा शोपियां, फैजल अहमद (16 वर्ष), निवासी खानियार उर फारूक, निवासी पट्टन, फैजान मुश्ताक (20 वर्ष), निवासी पंपोर, जाहिद (19 वर्ष), निवासी चेकपोरा कलां नौगाम, गुलाम मुहम्मद सोफी (55 वर्ष), निवासी चट्टाबल, सुमैया जान (45 वर्ष), निवासी नैदखाई सुम्बल आदि हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में पहुंचाया गया है। हमले के बाद सुरक्षा जांच को सुनिश्चित करने के लिए कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह को तैनात किया गया है।

## इजराइल का हिज्बुल्लाह के एक और शीर्ष कमांडर फाउर को मार गिराने का दावा




**एजेंसी, बेरुत।** इजराइल ने हिज्बुल्लाह के एक और शीर्ष कमांडर जाफर खादर फाउर की मौत का दावा किया है। सेना ने कहा कि उसने शनिवार को हिज्बुल्लाह के शीर्ष कमांडर फाउर को दक्षिणी लेबनान में मार डाला। सेना के मुताबिक, फाउर इजराइल पर हमलों के लिए जिम्मेदार था। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी पुष्टि करते हुए दावा किया है कि इजराइल ने दक्षिणी लेबनान के जौइया क्षेत्र में नासिर यूनिट के मिसाइल और रॉकेट इकाई के कमांडर जाफर खादर फाउर को मार गिराया। आईडीएफ के मुताबिक जाफर फाउर इजराइली में हुए रॉकेट हमलों के लिए जिम्मेदार था। इसमें किबुत्ज ओरताल, मजदल शम्स और मेटुला के हमले शामिल हैं। मजदल शम्स में 12 बच्चों की मौत हुई थी और मेटुला में 5 लोगों की जान गई थी।

## चार दिवसीय यात्रा पर अफ्रीकी देश जाएंगे विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह

### भारत-जाम्बिया संयुक्त स्थायी आयोग के 6वें सत्र की सह-अध्यक्षता करेंगे

एजेंसी, नई दिल्ली




विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह 04-07 नवंबर तक जाम्बिया की आधिकारिक यात्रा करेंगे। वह 6 नवंबर को द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा करने के लिए जाम्बिया के विदेश मामलों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग मंत्री मुलाम्बो हैम्बे के साथ भारत-जाम्बिया संयुक्त स्थायी आयोग के 6वें सत्र की सह-अध्यक्षता करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार यात्रा के दौरान कीर्ति वर्धन सिंह जाम्बिया सरकार के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ भी चर्चा करेंगे। राज्य मंत्री दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए भारत-जाम्बिया व्यापार गोलमेज सम्मेलन में भी भाग लेंगे। 2023-24 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 448.39 मिलियन अमेरिकी डॉलर था। भारत 5 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक के निवेश के साथ जाम्बिया में अग्रणी निवेशकों में से एक है। राज्य मंत्री लुसाका में भारतीय समुदाय के साथ भी बातचीत करेंगे।

# योगी को धमकी कहा- 10 दिन में इस्तीफा दो, नहीं तो करेंगे बाबा सिद्दीकी जैसा हाल

एजेंसी, लखनऊ



देश में धमकियों का दौर बहुत तेजी से चल रहा है। कभी विमान तो कभी स्कूलों को धमकी देने के अलावा नेताओं को भी धमकाया जा रहा है। बीते रोज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी मिली है। धमकाने वाले ने कहा कि दस दिन के भीतर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दें, नहीं तो ठीक वैसा ही हाल करेंगे जैसा एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी का किया गया था। सीएम को धमकी के बाद से राज्य की सुरक्षा व्यवस्था में हड़कंप मच गया है। मुंबई पुलिस के ट्रैफिक कंट्रोल रूम में अज्ञात नंबर से कॉल करके धमकी दी गई कि यदि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अगले 10 दिनों में इस्तीफा नहीं दिया, तो उनका हश्र भी महाराष्ट्र के एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की तरह किया जाएगा। धमकी मिलने के बाद से पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट पर हैं। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए मुंबई पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और धमकी देने वाले की तलाश जारी है। उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र दोनों ही राज्यों की पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए सीएम योगी की सुरक्षा को और सख्त कर दिया है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र कांग्रेस नेता बाबा सिद्दीकी की दशहरे के दिन 12 अक्टूबर को हत्या कर दी गई थी। हत्या से 15 दिन पहले ही उन्हें भी जान से मारने की धमकी मिली थी, जिसके चलते उन्हें 'वाई' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई थी। हालांकि, यह सुरक्षा उनके जीवन की रक्षा करने में नाकाफी साबित हुई। इस घटना के बाद से कई आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, लेकिन इससे राजनेताओं की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ को पहले भी कई बार धमकियां मिल चुकी हैं। इसके पहले भी उत्तर प्रदेश पुलिस कंट्रोल रूम में फोन करके उन्हें जान से मारने की धमकियां दी गई थीं।


## आज खुद को विश्व मित्र के रूप में स्थापित कर रहा है भारतः जयशंकर

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत आज खुद को ''विश्व मित्र'' के रूप में स्थापित कर रहा है। एक पुस्तक के विमोचन के मौके पर जयशंकर ने कहा कि हम ज्यादा से ज्यादा लोगों के साथ मित्रता करना चाहते हैं। इससे जाहिर तौर पर भारत के प्रति सद्भावना और सकारात्मकता पैदा होती है। जयशंकर ने कहा कि यह देश द्वारा वैश्विक भलाई में दिए जा रहे बढ़ते योगदान और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ करीबी जुड़ाव में परिलक्षित होता है। उन्होंने कहा कि अंतिम विश्लेषण में मित्र हमेशा प्रगति पर काम करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारत जैसे विशाल देश के लिए मित्रता विकसित करना कभी आसान नहीं होता।

# शिवराज ने झारखंड के खूंटी में हेमंत सरकार पर किए तीखे प्रहार

एजेंसी, खूंटी



केंद्रीय कृषि, ग्रामीण विकास मंत्री और विधानसभा चुनाव में भाजपा के झारखंड प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को तोरपा विधानसभा क्षेत्र के बानो प्रखण्ड मुख्यालय स्थित जयपाल सिंह मुंडा मैदान में भाजपा प्रत्याशी कोचे मुंडा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे राज्य की भ्रष्ट हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को भारी मतों से विजयी बनायें। चौहान ने हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर हमला बोला और कहा कि हेमंत सरकार के लोग झारखंड को गिद्ध-कौओं की तरह नोच रहे हैं। इस सरकार ने पूरे राज्य को बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा कि यह सरकार गरीबों की योजनाओं के पैसा खा जाती है। खनिज संपदा की लूट मची हुई है। हेमंत सोरेन सरकार के कामकाज पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि आज झारखंड में माटी और बेटी संकट में है। उन्होंने सीता सोरेन और उनकी बेटियों को कांग्रेस के मंत्री इरफान अंसारी द्वारा अपमानित किए जाने के मुद्दे पर कहा कि हेमंत सोरेन के लिए यह शर्म की बात है कि उन्होंने राजनीति के लिए अपनी भाभी और भतीजियों के अपमान को बर्दाश्त कर लिया। हेमंत को तो चाहिए कि वे ऐसे मंत्री को लात मारकर मंत्रिमंडल से बाहर कर दें।

## प्रधानमंत्री मोदी चार को झारखंड में गढ़वा से करेंगे विस चुनाव प्रचार की शुरुआत



**एजेंसी, रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को गढ़वा से झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरुआत करेंगे। मोदी की पहली चुनावी सभा गढ़वा में और दूसरी चाईबासा के टाटा कालेज मैदान में होगी। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि गढ़वा जिले की धरती पर पहली बार कोई प्रधानमंत्री आ रहा है। मोदी दिन को 11 बजे पहुंचेंगे। सभा स्थल पर मंच व लोगों के बैठने के लिए विशाल पंडाल बनाया जा रहा है। करीब डेढ़ लाख लोगों के बैठने की व्यवस्था को लेकर पंडाल बन रहा है। सैकड़ों मजदूर पंडाल व मंच बनाने में लगे हुए हैं। तैयारी अंतिम चरण में है। मंच पर पलामू प्रमंडल की सभी नौ सीटों से चुनाव लड़ रहे भाजपा के प्रत्याशी मंच पर मौजूद रहेंगे। मोदी की सभा को लेकर जिले में उत्साह है। भारी भीड़ जमा होने की उम्मीद है। मोदी की सभा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सख्त रहेगी। एसपीजी की टीम यहां पहुंच गई है। जिले के अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रख रही है। केंद्रीय सुरक्षा बलों व जिला बल के एक हजार से अधिक जवान तैनात रहेंगे। दर्जनों दंडाधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

# बांग्लादेशः खराब हालात के कारण विदेश यात्रा में भारी गिरावट, पर्यटन उद्योग को बड़ा झटका

एजेंसी, ढाका



शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद बांग्लादेश के खराब हालात और भारत के साथ उसके संबंधों की कड़वाहट का वहां के पर्यटन उद्योग पर गहरा असर पड़ा है। वहां की स्थिति को देखते हुए विदेशी पर्यटक आ नहीं रहे हैं, ऊपर से भारत सहित कई देशों ने वीजा नियमों में जो सख्ती की, उसका असर यह हुआ कि विदेशों की यात्रा करने वाले बांग्लादेशी यात्रियों की संख्या अचानक बहुत नीचे आ गई। इससे देश के टूर ऑपरेटर खासे निराश हैं और सरकार से जल्द इसका रास्ता निकालने की अपील कर रहे हैं। बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्र प्रोथोम आलो ने 123 आउटबाउंड टूर ऑपरेटरों के मंच, बांग्लादेश आउटबाउंड टूर ऑपरेटर्स फोरम के हवाले से बताया है कि टूर ऑपरेटरों का 80 प्रतिशत व्यवसाय विदेश यात्रा करने वाले पर्यटकों से आता है। बांग्लादेशियों के लिए भारत में वीजा पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, जिससे सबसे करीबी और पर्यटकों में लोकप्रिय भारत जाने वाले यात्रियों की संख्या में अचानक बहुत कमी हो गई। इसके साथ कई अन्य देश बांग्लादेश के राजनीतिक हालात को देखते हुए सख्त वीजा नियमों को जारी रखे हुए हैं। जिससे विमानन और पर्यटन व्यवसाय गिरावट के दौर से जूझ रहा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि बांग्लादेश में सरकार बदलने के बाद भारत ने आपातकालीन चिकित्सा वीजा को छोड़कर बांग्लादेश को वीजा जारी करना बंद कर दिया है। जबकि संयुक्त अरब अमीरात भी पर्यटक वीजा जारी नहीं कर रहा है। थाईलैंड, सिंगापुर, इंडोनेशिया और फिलीपींस देरी से वीजा जारी करते हैं। इसके अलावा, बदले हालात के कारण व्यवसायियों और आम यात्रियों ने भी विदेश यात्राओं में कटौती की है। जिसके चलते स्थानीय पर्यटकों की विदेशी यात्राओं में 75-80 प्रतिशत की गिरावट आई है। बांग्लादेश से भारत पहुंचने वाले पर्यटकों का आंकड़ा देते हुए बताया गया है कि 2019 में बांग्लादेश से रिकॉर्ड 2.58 मिलियन पर्यटक भारत पहुंचे लेकिन कोरोनोवायरस महामारी के कारण इसमें गिरावट आई।

## इस वर्ष चारधाम यात्रा की अवधि घटने के बाद भी तीर्थयात्रियों की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि

एजेंसी, देहरादून

यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने के साथ ही इस वर्ष की चारधाम यात्रा का सत्र सकुशल संपन्न हो गया है। इस वर्ष का यात्राकाल पिछले वर्ष की तुलना में 30 दिन कम होने के बावजूद इन दोनों धामों में इस बार श्रद्धालुओं की दैनिक औसत संख्या 713 बढ़ी है। समान अवधि की तुलना करने पर भी इस बार दोनों धामों में आने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या में लगभग डेढ़ लाख की वृद्धि हुई है। गत वर्ष 22 अप्रैल 2023 को कपाट खुलने के बाद गंगोत्री धाम के कपाट 14 नवंबर 2023 को और यमुनोत्री धाम के कपाट 15 नवंबर 2023 को बंद हुए थे। इस प्रकार गत वर्ष गंगोत्री में कुल 207 दिन और यमुनोत्री में 208 दिन की यात्रा अवधि रही। इस वर्ष 10 मई 2024 को कपाट खुलने के बाद 177 दिनों के अवधि के बाद गंगोत्री के कपाट गत दिन बंद हुए हैं और 178 दिनों के बाद यमुनोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद किए गए हैं। इस प्रकार पिछले वर्ष की यात्रा अवधि इस बार से 30 दिन अधिक थी। इस वर्ष गंगोत्री व यमुनोत्री धाम में कुल 15 लाख 30 हजार 28 तीर्थयात्रियों का पदार्पण हुआ और इन दोनों धामों में यात्रियों का दैनिक औसत 8620 रहा है। जबकि गत वर्ष 30 दिन अधिक अवधि के यात्राकाल में इन दोनों धामों में कुल 16 लाख 40 हजार 701 श्रद्धालुओं का आगमन हुआ था और प्रतिदिन औसतन 7907 तीर्थयात्रियों की आमद हुई थी। इस प्रकार इस वर्ष जिले में प्रतिदिन औसतन 713 यात्री अधिक आए हैं।



संक्षिप्त समाचार

## शिक्षकों की नियुक्ति का एकमात्र श्रेय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच का नतीजा : चौधरी



**पटना।** रविवार को जदयू प्रदेश कार्यालय, पटना में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा की उपस्थिति में जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनता दल सहित तमाम विपक्षी पार्टियां अकारण ही नीतीश सरकार की उपलब्धियों का श्रेय हड़पने की कोशिश कर रही है।विजय कुमार चौधरी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से योग्य शिक्षकों की नियुक्त का निर्णय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निदेर्शानुसार वर्ष 2021 के अगस्त माह में लिया गया था। वहीं,नीतीश कुमार ने राजद को वर्ष 2022 के अगस्त में सरकार में शामिल होने का मौका दिया इसलिए पुरानी सरकार में लिए गए निर्णयों पर राजद की ओर से श्रेय लूटने की नाकाम कोशिश हास्यास्पद और निंदनीय है। उन्होंने बताया कि बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा हेडमास्टरों की नियुक्ति का पहला विज्ञापन वर्ष 2022 के मार्च महीने में जारी हुआ और उस दौरान भी बिहार में एनडीए की सरकार थी। साथ ही अगस्त में नई सरकार बनने के पहले उसके नतीजे भी आ गए थे परंतु नियुक्ति पत्र का वितरण नई सरकार गठन के बाद हुआ था। उन्होंने कहा कि सभी पंचायतों में प्लस टू विद्यालय खोलने का फैसला भी एनडीए की सरकार में लिया गया था। श्री चौधरी ने कहा कि विपक्ष के पास जनता को बताने लायक अपना कोई काम नहीं है। वहीं, नीतीश कुमार की उपलब्धियां आज बिहार के हर हिस्से में पसरी हुई है। चूँकि विपक्ष हमारी उपलब्धियों को नकारने की हिम्मत नहीं कर सकता है इसलिए घुसपैठ कर श्रेय लेने की कोशिश में जुटा हुआ है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में हो रही शिक्षकों की नियुक्ति का एकमात्र श्रेय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दूरदर्शी सोच को जाता है। बिहार की होशियार और समझदार जनता विपक्ष के भ्रमजाल में कभी नहीं फंसेगी।

### भगवान चित्रगुप्त विश्व के प्रधान न्यायाधीश : राजीव

**पटना।** जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त विश्व के प्रधान न्यायाधीश हैं। सभी लोगों के पाप एवं पुण्य का लेखा जोखा वह सहस्त्राब्दियों से रखते आये हैं। सदाचार की राह पर चल कर ही उनका आशीर्वाद संभव है। श्री प्रसाद ने चित्रगुप्त पूजा पंडालों के भ्रमण के दौरान यह बात कही। उन्होंने आशियाना नगर, गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी, अनिसाबाद चित्रगुप्त समाज, इन्द्रपुरी, कुर्जी, दीघा, पाटलिपुत्र, बेऊर, अशोक नगर, पीपुल्स कॉपरेटिव कॉलोनी, मनोकामना मंदिर, इंदिरा नगर, आरएमएस कॉलोनी, हनुमान नगर, दरियापुर, कदमकुआँ, लोहानीपुर, सैदपुर , बाल्मी, खगौल, श्री कृष्णापुरी, श्री कृष्णा नगर समेत अनेक पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं से मिलकर उन्हें शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के बिहार इकाई के अध्यक्ष दीपक अभिषेक, राजेश कुमार डब्लू, अतुल आनंद सन्नु, धनंजय प्रसाद, हरेंद्र सिन्हा, शिशिर कुमार लाल, आदर्श गायसेन, सुमित कुमार सिन्हा, विवेक रंजन समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

## बेलागंज में बदलेगा इस बार 33 वर्षों का इतिहास : ललन सर्राफ

**पटना।** जदयू के वरिष्ठ नेता, विधानपरिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता सह प्रदेश जदयू के कोषाध्यक्ष ललन सर्राफ ने रविवार को विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर बेलागंज का सघन दौरा किया। आज बेलागंज प्रखंड कार्यालय और जदयू के चुनाव कार्यालय में कार्यकतार्ओं से मिलने के साथ ही उन्होंने चाकंद और चन्दौती प्रखंड का दौरा किया और बेलागंज बाजार में जनसंपर्क अभियान चलाकर व्यवसायियों से आगे आने की अपील की। इस दौरान अपने संबोधन में ललन सर्राफ ने कहा कि बेलागंज की जनता इस बार बदलाव चाहती है। इस बार यहाँ 33 वर्षों का इतिहास बदलेगा। इस उपचुनाव ने हमें ये साबित करने का मौका दिया है कि लोकतंत्र का भविष्य जाति के समीकरण से नहीं, बल्कि जनता की सच्ची सेवा से तय होगा। हमारा मकसद केवल इस चुनाव को जीतने का नहीं, बल्कि लोकतंत्र विरोधियों के हर मंसूबे को चकनाचूर करने का भी होना चाहिए। श्री सर्राफ ने आगे कहा कि काम का कोई विकल्प नहीं। भ्रम, झूठ और अफवाह का बाजार ज्यादा दिनों तक नहीं टिकता। हमारे नेता, नीति और नीयत का कोई मुकाबला नहीं। जहाँ तक हमारी उम्मीदवार श्रीमती मनोरमा देवी की बात है, वो यहाँ नरेन्द्र मोदी, नीतीश कुमार, चिराग पासवान, जीतनराम मांझी और उपेन्द्र कुशवाहा के साथ-साथ एनडीए के हर एक कार्यकर्ता की प्रतिनिधि के रूप में काम करेंगी और बेलागंज की हर अपेक्षा पर खरा उतरेंगी। जदयू व्यावसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धनजी प्रसाद ने कहा कि बेलागंज में इस बार न्याय के साथ विकास का परचम लहराएगा। एनडीए को हर समाज का समर्थन मिल रहा है। वरिष्ठ नेत्री कंचन गुप्ता ने कहा कि श्री नीतीश कुमार ने आधी आबादी के लिए जो किया वो आज तक किसी राज्य में नहीं हुआ। आज हमारी मां-बहनें अपने नाम से जानी जाती हैं और अपनी अलग पहचान रखती हैं तो ये नीतीश कुमार की देन है।

## मुख्यमंत्री ने गर्दनीबाग ठाकुड़बाड़ी पहुंचकर की भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को शाम के चार बजे पटना के प्राचीनतम चित्रगुप्त मंदिर गर्दनीबाग ठाकुड़बाड़ी पहुंचकर कलम दावात के देवता भगवान चित्रगुप्त का पूजन विधि विधान से किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अपना लेखा जोखा भगवान चित्रगुप्त के समक्ष प्रस्तुत किया और उनकी आरती की। मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को चित्रगुप्त मंदिर के पुजारी ने शाल देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया फिर मुख्यमंत्री से शाल देकर ठाकुरबाड़ी के अध्यक्ष डॉ रणवीर नंदन का स्वागत किया। मौके पर गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी प्रबंध न्यास समिति के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद डॉ रणबीर नंदन ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का स्वागत चादर देकर किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने भगवान चित्रगुप्त से बिहार की खुशहाली, समृद्धि व विकास की कामना की। मुख्यमंत्री ने ठाकुरबाड़ी की प्रशंसा की और कहा कि यह आयोजन बहुत अच्छा होता है और यहां पूरे पटना से



लोग भगवान चित्रगुप्त की पूजा करने आते हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री के साथ जल संसाधन विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के सलाहकार दीपक कुमार व बिहार नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव छोटू सिंह, डीजीपी आलोक राज सहित कई नेता मौजूद थे।

## झूठ की सियासी जमीन पर नफरत की खेती कर रहे तेजस्वी : प्रभाकर

नई सोच एक्सप्रेस

» दशहरा हो या दिवाली, बिहार में दिखती है खुशहाली
» दुशासन जैसे लोगों को नहीं दिख सकता बिहार का सुशासन

**पटना।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा किये गये पोस्ट पर करारा पलटवार करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव झूठ की जमीन पर नफरत की खेती कर रहे हैं। झूठे आंकड़े पेश कर नफरत फैलाना और लोगों को गुमराह करना तेजस्वी की फितरत है। जिसकी आंखों पर अज्ञानता और भ्रष्टाचार का काला चश्मा चढ़ा होता है, उसे हर तरफ अंधेरा दिखायी देता है। तेजस्वी यादव की स्थिति भी ऐसी ही हैं। इन्हें बिहार में कभी अच्छा नहीं दिख सकता। कमी यहां के जहान में नहीं, तेजस्वी के ज़ेहन में है। श्री मिश्र ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जिसकी जैसी सोच होती है, उसे हर तरफ वैसा ही दिखता है। महान संत कवि तुलसीदास जी ने भी कहा है, 'जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी'। तेजस्वी को बिहार का विकास नहीं, सिर्फ यहां की लोमहर्षक घटनाएं दिखती है, तो यह कमी बिहार की शासन व्यवस्था में नहीं, तेजस्वी के नजरिए में है। श्री मिश्र ने कहा कि कौए की नजर हमेशा गंदगी पर होती है, इसमें किसका दोष है? दोष है, तो उसकी प्रवृत्ति और परिवेश का। दुशासन जैसे लोगों को बिहार का सुशासन नहीं दिख सकता। श्री मिश्र ने कहा कि तेजस्वी रोज झूठे आंकड़े पेश करते रहें। इससे बिहार के लोगों का एनडीए सरकार के प्रति अटूट विश्वास कभी कम नहीं होनेवाला। सही ही कहा गया है, 'हाथी चले बाजार ......

## गरीब बच्चों को पढ़ाई में मदद करना सच्छी समाज सेवा : सम्राट चौधरी

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा की गरीब बच्चों को पढ़ाई में मदद करना सच्ची समाज सेवा है और इससे बढ़कर कोई धर्म नहीं है वे गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में चित्रगुप्त पूजा के मौके पर यारपुर बालक एवं बालिका मध्य विद्यालय के समाज के गरीब मेधावी बच्चों को सम्मानित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस तरह के मेधावी बच्चों को सम्मानित करके वरिष्ठ भाजपा नेता एवं गर्दनीबाग ठाकुरबारी प्रबंध न्यास समिति के अध्यक्ष डॉ रणवीर नंदन बाद ही ने काम कर रहे हैं और इनसे समाज के अन्य लोगों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि गर्दनीबाग ठाकुरबारी की ओर से इस तरह से मेधावी बच्चों को छात्रवृत्ति देकर प्रोत्साहित करना एक अच्छी परंपरा की शुरूआत है जो अन्य संस्थाओं को भी इस तरह का कार्य करना चाहिए। इस मौके पर गर्दनीबाग ठाकुरबारी प्रबंधन समिति के



अध्यक्ष डॉ रणवीर नंदन ने कहा कि गर्दनीबाग ठाकुरबारी प्रबंध न्यास समिति हर साल चित्रगुप्त पूजा के मौके पर गरीबों में दावे बच्चों को छात्रवृत्ति देता रहा है और उनकी पढ़ाई में मददगार साबित हो रहा है जिससे यह मेधावी बच्चों आगे चलकर अच्छी सफलता पाए। इस मौके पर यारपुर मध्य विद्यालय की छात्रा अर्चना कुमारी, आनंद कुमार, अनन्या कुमारी, मुस्कान कुमारी, रितु कुमारी, सविता कुमारी, तन्नू कुमारी, मानसी कुमारी, आराध्या कुमारी, राजलक्ष्मी, आशीष कुमार, रीता कुमारी, आदित्य कुमार, नेहा कुमारी, जुली कुमारी, कोमल कुमारी, सूरज कुमार, पूजा कुमारी, अनुराधा कुमारी, शंभू कुमार, स्वाति कुमारी, श्रुति कुमारी, साहिल कुमार, चाहत कुमारी, लक्ष्मी कुमारी और आदित्य कुमार को पुरस्कार राशि का चेक देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बिहार सरकार के पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा कल्याण मंत्री हरी सहनी, पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, भाजपा प्रवक्ता अरविंद सिंह सागरिका चौधरी सहित कई गनमैन लोग मौजूद थे।

## बीजेपी नेता मनीष सिन्हा ने शहर के चित्रगुप्त मंदिरों का भ्रमण कर भगवान चित्रगुप्त की पूजा

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** रविवार को पूरे देश में चित्रगुप्त पूजा धूमधाम से मनाई जा रही है। राजधानी पटना में कई जगहों पर कायस्थ समाज ने भी इस पूजा का आयोजन किया है। इसी कड़ी में इस मौके पर बीजेपी एनआरआई सेल के संयोजक और वरिष्ठ कायस्थ नेता मनीष सिन्हा ने शहर के विभिन्न चित्रगुप्त मंदिर और पूजा समितियों का भ्रमण कर भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना कर प्रदेश के सुख शांति और समृद्धि की कामना की। मनीष सिन्हा ने बैंकमैन कॉलोनी चित्रगुप्त पूजा समिति, हनुमान मंदिर चित्रगुप्त पूजा समिति, मनोकामना मंदिर चित्रगुप्त पूजा समिति, कंकड़बाग स्थित अशोक नगर चित्रगुप्त पूजा समिति, इंदिरा नगर स्थित चित्रांश कल्याण परिषद, कदमकुआं चित्रगुप्त पूजा समिति, दरियापुर एवं भूतनाथ रोड स्थित कायस्थ चित्रगुपर्त



सेना बिहार परिषद समेत कई पूजा समितियों के पंडाल और मंदिरों में पहुंचकर भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद लिया। इस मौके पर मनीष सिन्हा ने कहा कि सृष्टि के रचयिता परमपिता ब्रह्मा जी के अंश, बुद्धि, विवेक और ज्ञान के प्रदाता, समस्त प्राणी जगत के कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाले, लेखनी के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर आज पटना के विभिन्न मंदिरों व पूजा पंडालों में भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना कर लोगों को चित्रगुप्त पूजा की शुभकामनाएं दिया है। सर्वसमावेशी समाज के निर्माण में चित्रांश परिवार का अहम योगदान है। कलम के अराध्य देव भगवान चित्रगुप्त सभी पटनावासी और देशवासियों पर अपनी कृपा बनाए रखें ऐसी कामना की।

## डाटा किंग प्रशांत किशोर को दूसरे दलों के डाटा की नहीं है जरुरत - जन सुराज

नई सोच एक्सप्रेस

» डाटा लीक प्रकरण राजद का राजनीतिक शिगूफा
» उप चुनाव में हार की संभावना से घबराहट में है राजद

**पटना।** जन सुराज के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय कुमार ठाकुर ने कहा है कि डाटा किंग प्रशांत किशोर को किसी दूसरे दलों के डाटा की कोई जरूरत नहीं है। राजद के सदस्यों के डाटा लीक मामले से जन सुराज का कोई लेना-देना नहीं है। जन सुराज पर राजद का संदेह उनके नेतृत्व का मानसिक दीवालियापन ही कहा जा सकता है।ऐन उप चुनाव के वक्त इस तरह की अफवाहन खबर उड़ाना इस बात का प्रमाण है कि राजद गठबंधन सभी चारों सीटों पर उप चुनाव हार रही है जिससे उनकी बौखलाहट बढ़ी हुई है। यह राजद का महज़ एक राजनीतिक शिगूफा है।आज़ यहां जारी एक बयान में श्री ठाकुर ने कहा है कि पहले दैनिक भास्कर के डिजिटल न्यूज पोर्टल पर राजद के सिस्टम से उनके करीब साढ़े चार लाख सदस्यों का डाटा लीक होने की खबर चलवाई गई जिसमें यह कहा गया है कि उन सदस्यों को जन सुराज फोन कर राजद कार्यकर्ताओं को अपने पक्ष में लाने का प्रयास किया जा रहा है। बाद में आज़ न्यूज 18 टीवी चैनल पर राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने दबी जुबान से इशारों-इशारों में बगैर जन सुराज का नाम लिए टिप्पणी की है। वैसे राजद ने उनके कार्यकर्ताओं को फोन कर अथवा संपर्क कर जन सुराज द्वारा अपने पाले में लाने के प्रयास का आरोप लगाया है। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष जगता नन्द सिंह द्वारा विधिवत चिट्ठी लिखकर अपने कार्यकर्ताओं को पहले ही आगाह किया जा चुका हैं। श्री ठाकुर ने कहा है कि पिछले बत्तीस वर्षों से मुस्लिम समाज राजद नेतृत्व की उपेक्षा से त्रस्त रहें हैं। राजनीतिक विकल्प के अभाव में मुस्लिम समाज भाजपा को रोकने के लिए राजद का वोट बैंक बने हुए थे। अब जन सुराज के संस्थापक और गांधी वादी विचारधारा के संपोषक तथा सेकुलरिज्म के मजबूत अलंबरदार प्रशांत किशोर जी का नेतृत्व मुस्लिम भाइयों को भा गया है जिससे वे बड़ी संख्या में जन सुराज में लगातार शामिल हो रहे हैं। अर्थात राजद के लालटेन में तेल बनकर अबतक जल रहे हमारे मुस्लिम भाइयों को प्रशांत किशोर जी के नेतृत्व वाली जन सुराज पार्टी पर भरोसा बढ़ने लगा है और वे राजद छोड़ रहे हैं। चार जगहों पर हो रहे उप चुनाव में भी मुस्लिम समाज जन सुराज के पक्ष में लामबंद हो गए हैं। इससे भयभीत होकर राजद एक नया शिगूफा कि उनके कार्यकर्ताओं का डाटा चोरी हो गई है की चर्चा मीडिया में करवा रहे हैं। श्री ठाकुर ने बताया कि जन सुराज के कार्यकर्ता पदयात्रा अभियान शुरू होने ( दो अक्टूबर 2022 ) के पहले से ही बिहार में सदस्य बनाने में जुटे हुए हैं। सही लोग, सही सोच और सामूहिक प्रयास हमारा स्लोगन है और जिनमें बिहार को बदलने का जज्बा है और जो लोग बिहार की शिक्षा व्यवस्था, बेरोज़गारी, पलायन की समस्या से निजात चाहते हैं वे सभी बिहारी जात - पात और धर्म - मजहब से ऊपर उठकर प्रशांत किशोर जी के नेतृत्व में जन सुराज के संस्थापक सदस्य बनते गए हैं तथा यह क्रम निरंतर जारी है। ऐसे में डाटा लीक होने की खबर ही भ्रामक और मिथ्या पूर्ण है। जन सुराज की सशक्त सर्वे टीम द्वारा हर गांव के प्रभावशाली और सही सोच रखने वाले नेताओं, कार्यकर्ताओं, पूर्व व वर्तमान जन प्रतिनिधियों, समाज के अच्छे लोगों जिनमें बिहार की चरमराई व्यवस्था को बदलने का जज्बा है का डाटा उपलब्ध है जिसके सहारे कौल कर लोगों को संस्थापक सदस्य बनाया जाता है।

## सांसद मीसा भारती का दावा: "जनता का भरोसा हमारे साथ, 2025 में हमारी सरकार बनेगी

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** सांसद मीसा भारती ने आगामी चुनाव को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने जनता के भरोसे पर खरा उतरने का वादा करते हुए कहा कि 2025 में उनकी सरकार बनेगी। साथ ही, उन्होंने यह भी घोषणा की कि उनकी सरकार आने पर 200 यूनिट मुफ्त बिजली और महंगाई पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। सांसद मीसा भारती ने आज अपने संबोधन में जनता से किए गए वादों को पूरा करने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि जनता ने उन पर भरोसा जताया है और यह भरोसा



उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण है। मीसा भारती ने ऐलान किया कि उनकी सरकार बनने पर 200 यूनिट मुफ्त बिजली दी जाएगी और महंगाई पर काबू पाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

## तीसरी आंख





## कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होती है ऐसे भाषण देने वालों से सावधान रहें

नई सोच एक्सप्रेस

**फतुहा।** भाजपा मीडिया प्रभारी डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा कि व्यवस्था ऐसी बदतर कर दी गई है , जैसे खंजर गाड़ी को मरम्मत नहीं की जा सकती है, इसके लिए पूर्ण निर्माण करने की आवश्यकता है। शिक्षा, चिकित्सा, कानून सभी को पूर्ण निर्माण करने की आवश्यकता है। अधिकांश सीओ, वीडीयो,अभियंता,सप्लाई इंस्पेक्टर ,स्कूल इंस्पेक्टर, सीडीपीओ, नरेगा पदाधिकारी आदि को खानदानी कमीशन बंधा हुआ है। इसे समाप्त करने के लिए सत्ता की मलाई चाटने वाले मंत्री ,सांसद ,विधायक, माला पहनने वाले कार्यकर्ताओं से आशा आशा नहीं की जा सकती है।ऐसे लोगों को सत्ता के चश्मा से अपराध भ्रष्टाचार तथा मोदी जी द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं में लूट खसोट नहीं झलकती है। जो कभी अपराध भ्रष्टाचार के विरुद्ध धरना ,प्रदर्शन, अनशन , आमरण अनशन





कभी किया ही नहीं वैसे लोगों को मंडल अध्यक्ष ,जिला अध्यक्ष और प्रदेश पदाधिकारी बना दी जाती है। विधायक और सांसद उम्मीदवार तथा उनके समर्थक भाषण देगा की कार्यकर्ता संगठन का रीढ़ होती है। चुनाव के बाद विधायक सांसद और मंत्री का कार्यकर्ता नहीं अभियंता वीडीओ आदि भाग्य विधाता होते हैं। पहले की तरह फर्जी सदस्य बनाने की छूट इस बार नहीं है बल्कि इस बार डिजिटल गिनती हो रही है। इस गिनती में अधिकांश लोग फेल हो रहे हैं। अधिकांश बड़े-बड़े पद पर बैठे मडल अध्यक्ष हो या मंत्री हो संगठन बनाने का तरीका सीखा ही नहीं जिसके कारण ईमानदार कार्यकर्ताओं जनता से अपना चेहरा दिखलाने लायक भी नहीं रहा। आज अधिकांश जिला अध्यक्ष सदस्यों की संख्या पूरा करने के लिए ऐसे छटपटा रहे हैं जैसे मछली को पानी से बाहर कर दी जाती है। यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गरीबों के लिए चलाई जा रहे हैं योजनाओं को घर-घर तक पहुंचा दी जाती है तो भाजपा के

» दो बार के बाद भाजपा के उम्मीदवार को वोट नदें

सदस्य ग्रहण करने के लिए कतारें सज जाती। भाजपा मीडिया प्रभारी डॉक्टर लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कार्यकर्ताओं और आम जनता को कहा है कि खानदानी विधायक और खानदानी सांसद को वोट नहीं दे।जो तीन बार, चार बार ,पांच बार ,छह बार से लगातार विधायक और सांसद बनते आ रहा है। बिहार में सबसे बड़ी समस्या है अपराध और भ्रष्टाचार परंतु कोई भी बैठक में अपराध और भ्रष्टाचार की चर्चा तक नहीं की जाती है। देश में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किला से भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग छेड़ दिया है और कहा है कि भ्रष्टाचार देश को खोखला कर रहा है। बावजूद पता नहीं कि उनकी आवाज बिहार के भाजपाईयों के कानों तक पहुंची या नहीं। मोदी जी द्वारा गरीबों के लिए सैकड़ों योजनाएं चलाई चलाई जा रही है अधिकांश योजना कागजों में सिमट कर कराह रही रही है । जैसे प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना ,प्रधानमंत्री ग्राम सिंचाई योजना ,प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना ,प्रधानमंत्री जन औषधि योजना ,प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री ग्राम स्वराज अभियान, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित अभियान, प्रधानमंत्री सुरक्षा सड़क योजना, प्रधानमंत्री गरीब परिवहन योजना, प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना ,प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान, सांसद आदर्श ग्राम योजना, मेक इन इंडिया ,स्वच्छ भारत अभियान ,किसान विकास पत्र हेल्थ कार्ड स्कीम डिजिटल, इंडिया स्कीम इंडिया ,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, मिशन इंद्रधनुष, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीन कौशल्या योजना, स्वदेश दर्शन योजना, उड़ान स्कीम नेशनल बाल स्वच्छता मिशन, वन ट्रैक वन पेंशन स्कीम, फॉर स्मार्ट सिटी मिशन ,गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम स्टार् ,उन्नत भारत अभियान ,टीवी मिशन, धनलक्ष्मी नेशनल प्रमोशन स्कीम ,गंगाजल डिलीवरी स्कीम, विद्यांजलि योजना, स्टैंड अप इंडिया लोन स्कीम, ग्रामोदय से भारत उदय अभियान, सामाजिक अधिकारिता, सिविल रेलवे यात्री बीमा योजना ,स्मार्ट सिटी मिशन योजना ,कौशल विकास योजना, गर्भवती महिलाओं के लिए आर्थिक सहायता योजना के लिए योजना, जनधन खाता धारकों के लिए बीमा योजना ,महिलाओं के लिए योजना आदि । सभी योजनाओं को भौतिक सर्वेक्षण करने का आवश्यकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिवाली में चोरों ने निकाला दिवाला, थाने से चंद दूरी पर बंद घर से नकद समेत 6 लाख के गहने पर चोरों ने किया हाथ साफ



**पटना(फतुहा)**। इस वक्त फतुहा से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है जहाँ चोरों ने एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है। मामला फतुहा थाना क्षेत्र के नोहटा से जुड़ा हुआ है। पीड़ित अशोक कुमार जो गौरीपुंदह गाँव के निवासी है वो 30 अक्टूबर को दीपावली मनाने अपने गाँव पुरे परिवार के साथ गए हुए थे। 1-2 दिन बाद भी वो अपने घर लौटे तो सबकुछ सामान्य था लेकिन उसके अगले दिन 2 अक्टूबर को उन्होंने जैसे ही अपने घर का दरवाजा खोला सारा सामान बिखरा हुआ था एवं चोरों ने सभी सामानों पर अपना हाथ साफ कर लिया था। पीड़ित ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। वही पीड़ित अशोक कुमार ने बताया कि चोरों ने छत का ग्रिल काटकर अलमीरा से 6 लाख का गहना, 10 हजार नगद, लैपटॉप एवं अन्य कई सामान गायब थे। पीड़ित फतुहा में रहकर ऑक्सीजन गैस एजेंसी चलाते हैं एवं नोहटा पुल के पास पाण्डेय हाऊस में किराये पर रहते हैं। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जाँच शुरू कर दी है। हालांकि लोगों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए है कि इतनी बड़ी चोरी की घटना थाने से महज चंद दूरी पर घट जाती है और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी, जो अपने आप में कई सवाल खड़े करते है।

### कंकड़बाग में कलमजीवियों के आराध्य देवता चित्रगुप्त का भव्य पूजनोत्सव आयोजित



**पटना**। अशोक नगर, कंकड़बाग, पटना अवस्थित श्री चित्रगुप्त मन्दिर में मन्दिर 55वें स्थापना वर्ष पर कलमजीवियों के आराध्य देवता भगवान् श्री चित्रगुप्त का भव्य पूजनोत्सव आयोजित की गयी ककक मन्दिर परिसर में आयोजित सामूहिक पूजा में यजमान के रूप में परिषद् के अध्यक्ष राकेश रौशन बबलू ने कलम के देवता भगवान् श्री चित्रगुप्त की विधिवत पूजा अर्चना की ककक अपराह्न 1:00 बजे से संध्या 5:00 बजे तक प्रसाद वितरण एवं सामूहिक भोज का कार्यक्रम चलता रहा ककक अशोक नगर चित्रगुप्त परिषद् के सचिव अमिताभ ने कहा कि प्रत्येक वर्ष चित्रगुप्त पूजनोत्सव के अवसर परिषद् द्वारा भव्य पूजन समारोह आयोजित किया जाता है ककक मीडिया प्रभारी अतुल आनन्द सन्नू ने बताया कि ने बताया कि समारोह में हजारो की संख्या में कायस्थ एवं अन्य समाज के लोग सम्मिलित होते हैं ककक सन्नू ने बताया कि संध्या 6:00 बजे से 7:00 बजे तक महिला मंच द्वारा भजन कीर्तन के पश्चात् रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे में कई लब्ध प्रतिष्ठित एवं गणमान्य शरीक हुए ककक समारोह के सफल आयोजन में परिषद् कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष राजीव रंजन , त्रिपुरारी शरण संयुक्त सचिव सुरेन्द्र कुमार, बिपिन बिहारी शरण, कोषाध्यक्ष राजीव रंजन फुन्नु, अंकेक्षक राकेश कुमार वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य एवं पूजा प्रभारी अरुण कुमार श्रीवास्तव( डीएसपी), आनंन्द कुमार सिन्हा, पंकज प्रकाश, मीडिया प्रभारी अतुल आनन्द सन्नू, मधुप मणि पिक्कू, भास्कर बिहारी शरण, रविन्द्र मोहन, रंजन कुमार श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार सिन्हा, सुधीर कुमार कर्ण, चितरंजन कुमार, ज्योति कुमार एवं सौरभ जयपुरियार ने सक्रिय भूमिका निभायी पूजन समारोह में प्रमुख रूप से पटना साहिब के सांसद रवि शंकर प्रसाद, नगर विकास मंत्री नितीन नवीन,विधायक अरुण कुमार सिन्हा, पूर्व सांसद राम कृपाल यादव, जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा, पूर्व सांसद आरके सिन्हा, पूर्व मंत्री श्याम रजक, डॉ. गोपाल प्रसाद सिन्हा, विधान पार्षद संजय मयूख, न्यायाधीश अंजनी शरण, पटना मेयर सीता साहू, डिप्टी मेयर रश्मि चंद्रवंशी, पटना नगर निगम सशक्त स्थायी समिति सदस्य, डॉ आशीष कुमार सिन्हा, निगम पार्षद कुमार संजीत, पिंकी यादव, राधा शर्मा आदि ने शिरकत की।

### वाईसीसी और एसीसीए इलेवन अभिषेक मेमोरियल अंडर-16 क्रिकेट के क्वार्टरफाइनल में



**पटना**। अभिषेक मेमोरियल अंडर-16 इंटर स्कूल क्रिकेट टूनार्मेंट में 3 नवंबर, 2024 यानी रविवार को खेले गए मैचों में वाईसीसी और एससीए इलेवन ने जीत हासिल की। वाईसीसी ने जगुआर क्रिकेट एकेडमी को 6 रन और एससीए इलेवन ने जीसीए ब्लू को 8 विकेट से हराया। इस जीत के बाद दोनों टीमें क्वार्टरफाइनल में पहुंचीं। पहला मैच टॉस वाईसीसी ने जीता और पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 167 रन बनाये। पीयूष ने 56 रन की पारी खेली। जगुआर क्रिकेट एकेडमी के आर्यन राज ने 18 रन देकर 4 विकेट चटकाये। जवाब में जगुआर क्रिकेट एकेडमी की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 161 रन ही बना सकी। एके राय ने 44 रन की पारी खेली। वाईसीसी के केशव और पीयूष ने 2-2 विकेट चटकाये। विजेता टीम के पीयूष को राइज कोचिंग प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। वहीं दूसरे मैच में एससीए इलेवन ने टॉस जीता और पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। पहले बैटिंग करते हुए जीसीए ब्लू की टीम 19.4 ओवर में नौ विकेट पर 152 रन बनाये। अगस्त्या ने 40 रन बनाये। एससीए इलेवन की ओर से सन्नी ने 3 विकेट चटकाये। जवाब में एससीए इलेवन ने 11.2 ओवर में दो विकेट पर 157 रन बना कर मैच अपने नाम कर लिया। केशव ने 63, प्रत्यूष विनायक ने 52 की पारी खेली। विजेता टीम के सन्नी कुमार को राइज कोचिंग प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार चंदन डेल्टिक मोटर्स के ऑनर चंदन और करण ने प्रदान किया।

### दिवाली पर बिजली विभाग का स्मार्ट मीटर फेल, सरकार न करे मनमानी: राजेश राठौड़

**पटना**। बिहार कांग्रेस ने बिजली विभाग के स्मार्ट मीटर को एक बार फिर कठघरे में खड़ा करते हुए सवाल किया है कि आखिर यह बिहार के हित में कैसे है? बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने स्मार्ट मीटर ऐप में 28 अक्टूबर से आई गड़बड़ी पर सवाल उठाते हुए कहा कि दिवाली जैसे प्रकाश पर्व पर बिजली विभाग ने खुद स्वीकार किया कि 18 लाख स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उसने बेबस और लाचार कर दिया कि वें न तो बैलेंस चेक कर पा रहे थे और न ही बैलेंस खत्म होने की स्थिति में रिचार्ज कर पा रहे थे जो कि बताने को काफी है कि बिहार सरकार और बिजली कम्पनियां अभी भी स्मार्ट मीटर के सुचारू संचालन के लिए पूरी तरीके से तैयार नहीं है। जब सरकारी आंकड़ों में यह संख्या है तो असल आंकड़े साबित करते हैं कि शत प्रतिशत स्मार्ट मीटर बिजली उपभोक्ता इससे परेशान होंगे। बिहार कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि दिवाली जैसे पर्व पर जहां कारोबारियों और आम घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली की ही जरूरत होती है वैसे में उन्हें बेबस और लाचार छोड़ कर बिजली विभाग ने फिर से साबित किया कि स्मार्ट मीटर केवल कंपनियों को लाभ पहुंचाने के एवज में बिहार में लाई गई है। इसका न तो कोई व्यवहारिक लाभ है और न ही कोई उपयोगिता के स्तर पर ही लाभ है। उन्होंने बिजली विभाग से और बिहार सरकार के मुखिया नीतीश कुमार से अविलंब इसे बंद करने और स्मार्ट मीटर को हटाकर पुराने मीटर को लगाने की अपील की ताकि आम उपभोक्ता भविष्य में परेशान न हो।

# गर्दनीबाग ठाकुड़बाड़ी में भगवान चित्रगुप्त पूजनोत्सव में कई गणमान्य शामिल हुए

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। हर साल की तरह इस साल में राजधानी के प्राचीनतम चित्रगुप्त पूजन स्थल गर्दनीबाग ठाकुड़बाड़ी में कलम दावात के देवता भगवान चित्रगप्त का पूजन बड़े ही श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर सुबह से विधि विधान से पूजा व हवन किया गया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री सम्राट चौधरी ने गर्दनीबाग ठाकुड़बाड़ी आकर भगवान चित्रगुप्त का पूजन व आरती की। इस मौके श्री चौधरी ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त कलम दावात के देवता है और ये ही समस्त मानव जन के अच्छे बुरे कर्मो का लेखा-जोखा रखते हैं। इसके अलावा ठाकुरबाड़ी प्रबंध न्यास समिति की ओर से गरीब बच्चों को छात्रवृति दी जा रही है यह इन बच्चों के भविष्य निर्माण में सहायक होगा। इस संबंध में गर्दनीबाग ठाकुड़बाड़ी प्रबंध न्यास समिति के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद डॉ रणबीर नंदन ने बताया कि इस मौके पर प्रबंध न्यास समिति की ओर से सुबह नौ बजे से पूजन व हवन कराया गया और दोपहर साढ़े बारह बजे से प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर प्रबंध न्यास समिति के तत्वावधान में सामाजिक समरसता प्रीतिभोज का आयोजन हुआ जहां लगभग पांच हजार से अधिक लोगों ने एक साथ पंगत में बैठकर भोजन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, सूचना जनसंपर्क मंत्री संजय झा, पटना साहिब के सांसद पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा, पूर्व सांसद आरके सिन्हा, महापौर सीता साहू, विधान पार्षद अनिल कुमार शर्मा, जदयू नेता व नागरिक परिषद के महासचिव छोटू सिंह, डॉ गोपाल प्रसाद सिन्हा, सुशील कुमार वर्मा, प् डीजी आलोक राज, भाजपा नेता अमर कुमार सिन्हा, सागरिका चौधारी, एएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ प्रवीण कुमार, प्रो डीएन सिन्हा, गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी प्रबंध न्यास समिति के सचिव आशुतोष कुमार वर्मा, भाजपा प्रवक्ता अरविंद सिंह, प्रबंध न्यास समिति के उपाध्यक्ष डॉ संजीव कुमार, कुमार,पटना एम्स के वित्त पदाधिकारी मोहन वर्मा, भाजपा नेता अमित कुमार राज, रूचि श्रीवास्तव, डॉ धीरज सिन्हा,जदयू नेता श्याम पटेल, अजीत दुबे, अंकित तिवारी,पुजारी सत्यप्रकाश पांडेय, समाजसेवी अभय सुंदर, राजाराम सिंह, अवधेश प्रसाद सिन्हा, सुषमा सिन्हा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य ने भगवान चित्रगुप्त का आशीर्वाद प्राप्त किया और सामाजिक समरसता भोज में शामिल हुए।

## समस्त प्राणियों का लेखा-जोखा रखने वाले भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा संपन्न



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। राजधानी के मनोकामना मंदिर, वीकर सेक्शन में लोगों ने श्री चित्रगुप्त महाराज की पूजा-अर्चना की। कायस्थ समाज समेत कई कलमजीवियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलम, दवात, कॉपी व पुस्तक की पूजा की। पूजनोत्सव के बाद प्रसाद वितरण में करीब एक हजार लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूजनोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता राजीव कुमार कर्ण एवं संचालन महासचिव अमर कुमार सिन्हा ने किया। इस अवसर पर बिहार सरकार के नगर विकास मंत्री नितिन नवीन, उप महापौर रेशमी चंद्रवंशी, पार्षद कुमार संजीत बबलू, पूर्व पार्षद माला सिन्हा, सीतेश रमण, पिंकी यादव, सुजीत यादव, डॉक्टर दिवाकर तेजस्वी, डॉक्टर रंजन कुमार, डॉक्टर शैलेश सिन्हा, डॉक्टर अनूप, डॉक्टर सुधाकर, आदि ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर पूजा अर्चना की। आगत अतिथियों का स्वागत संस्था संयोजक मधुप मणि पिक्कू ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज कमल, रितेश श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, विमल भूषण, भानु प्रकाश, सुनील कुमार सिन्हा, अमित सिन्हा, अनुज कुमार सिन्हा, सुनीता सिन्हा, संजय कुमार सिन्हा, उपस्थित रहे।

## चित्रगुप्त पूज्य महोत्सव में स्मृति सम्मान समारोह में सम्मानित हुए गणमान्य

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में आयोजित चित्रगुप्त पूजनोत्सव में कई गणमान्य लोंगों को 2024 के लिए स्मृति सम्मान समारोह से सम्मानित किया गया। इन सम्मानित लोंगों को पटना साहिब के सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद, के द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व मुख्य सचिव बिहार कृष्ण कुमार श्रीवास्तव स्मृति सम्मान से आईएएस समीर सौरभ, पूर्व डीजीपी आर आर प्रसाद स्मृति सम्मान से आईपीएस अवकास कुमार, पूर्व वित्त सचिव बिहार बीपी वर्मा स्मृति सम्मान से सचिव बिहार सरकार प्रणव कुमार, ख्यात शिक्षाविद एवं वित्तीय विशेषज्ञ श्याम नंदन प्रसाद स्मृति सम्मान से चेयरमैन रेलवे रिक्रुटमेंअ बोर्ड मुजफ्फरपुर व पटना सुरेश श्रीवास्तव, श्रीमती निर्मला प्रसाद स्मृति सम्मान से स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ पूनम रमण, डॉक्टर कृष्णानंद वर्मा स्मृति सम्मान से डॉ एनपी नारायण, डॉ आर आर पी सिंहा स्मृति सम्मान से डॉ आलोक अभीजीत, रामेश्वर प्रसाद सिन्हा स्मृति सम्मान से न्यायाधीश पटना उच्च न्यायालय राजेश वर्मा, पत्रकार की मोहन स्मृति सम्मान से पत्रकार अनुराग सहाय, समाजसेवी सुधाकर प्रसाद सिन्हा स्मृति सम्मान से सुखदेव नारायण मेमोरियल क्रिकेट के सचिव विजय कुमार चुन्नु,अरुण कुमार वर्मा स्मृति सम्मान से सहायक समाचार निदेशक आकाशवाणी केके लाल तथा पद्मश्री डॉ नरेन्द्र प्रसाद स्मृति सम्मान से डॉ एस के सिन्हा को प्रतीक चिन्ह व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह बहुत ही पावन धरा है। यहां का आशीर्वाद बहुत बड़ा होता है जो भी यहां से जुड़ते हैं वे दिल से जुड़ते हैं और उनकी मनोकामना पूरी होती है। इस मौके पर गर्दनीबाग ठाकुड़बाड़ी प्रबंध न्यास समिति के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद डॉ रणबीर नंदन कहा कि इस ठाकुड़बाडुी न्यास की ओर से हर साल गरीब बच्चों के लिए छात्रवृति व समाज के प्रबुद्ध जनों का सम्मान हर साल होता है। कार्यक्रम का संचालन गर्दनीबाग ठाकुड़बाड़ी प्रबंध न्यास समिति के सचिव डॉ संजीव कुमार ने किया।

## चित्रगुप्त पूजा हर कलमजीवी की पूजा है :आर के सिन्हा

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। भाजपा के संस्थापक सदस्य और पूर्व सांसद डा रविंद्र किशोर सिन्हा और भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने आज पटना के अपने आवास अन्नपूर्णा भवन में चित्रगुप्त भगवान की पूजा की। इस अवसर पर उन्होंने देश और बिहार के लोगों के लिए खुशहाली की कामना की। इसके बाद पूर्व सांसद आर . के सिन्हा और राष्ट्रीय मंत्री ने शहर के विभिन्न मंदिर में जाकर पूजा व आराधना की और समस्त बिहार वासियों को चित्रगुप्त पूजा ,भाई दूज की शुभकामना दी। श्री सिन्हा एवं ऋतुराज सिन्हा ने सर्वप्रथम अपने अन्नपूर्णा स्थित आवास पर भगवान चित्रगुप्त की पूजा करी ।पूजा कराने हेतु हरिद्वार से आए आचार्य ब्रजमोहन शर्मा और पंडित गोपाल झा जी ने इसे संपन्न कराया ।इसके उपरांत पटना के इंद्रपुरी, महेश नगर, आशियाना नगर खाजपुरा, लेखा नगर , खगोल अनिसाबाद, वेउर, महावीर नगर , गर्दनीबाग, यारपुर, चिरैयाटांड़, अशोक नगर, कंकड़बाग, हनुमाननगर, सैदपुर , कदमकुआं , लोहानीपुर, बांकीपुर,बोरिंग रोड सहित पटना के विभिन्न इलाकों में चित्रगुप्त पूजा समितियो द्वारा भगवान चित्रगुप्त जी के पूजा पंडालों पर जाकर दर्शन किया। श्री सिन्हा ने आज पटना सिटी स्थित श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर , नौजर घाट में जाकर भगवान चित्रगुप्त की आराधना करी। इसके साथ ही आज मंदिर में आए विशिष्ट अतिथियों और दूर दराज से आए चित्रांशो का स्वयं स्वागत किया। आप सभी इससे अवगत होंगे की भारत में भगवान चित्रगुप्त जी के भव्य मंदिरों में पटना सिटी स्थित श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर भी महत्वपूर्ण स्थान रखता है जिसके प्रबंधक कमिटी के अध्यक्ष भी आर के सिन्हा है। इस बार पटना में लगभग 60 से अधिक पूजा समितियों द्वारा भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमायों स्थापित की गई है जिनका सार्वजनिक विसर्जन कल पटना सिटी स्थित श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर में किया जाएगा । कल सबसे पहले सभी मूर्तियां सहाय सदन ,तारामंडल के सामने में दिन में 11बजे एकत्रित होगी और वही से सभी एकसाथ पटना सिटी स्थित चित्रगुप्त मंदिर के लिए विसर्जन हेतु प्रस्थान करेगी। श्री सिन्हा एवं ऋतुराज सिन्हा का भी स्वागत सभी पूजा समितियों के अध्यक्ष,महासचिव और सदस्यों द्वारा पूजा पंडालों में किया गया। इस मौके पर सिन्हा जी के साथ चित्रगुप्त आदि मंदिर के कार्यकारी अध्यक्ष निर्मल श्रीवास्तव ,रणवीर,अभिषेक बिन्नी,सतीश राजू ,आनंद जी,संजय राय,सोनू जी ,राजीव रंजन जी रहे।

» पटना के पूजा पंडालों में जाकर करी भगवान चित्रगुप्त की आराधना , सभी को दी हार्दिक शुभकामनाएंः ऋतुराज सिन्हा

# युवा ही बदलेंगे भारत की तकदीर - प्रेम कुमार

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना**। प्रेम यूथ फाउंडेशन के स्वयंसेवक लगातार सेवा कार्य मे जुटे है । फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे आबादी बाला देश जिसमे स्तर प्रतिशत आबादी नौजवानों की है । सामर्थ्य युवा ही किसी भी देश का रीढ़ है । युवा शक्ति ही बदल सकता है भारत की तकदीर । युवाओं के अथाह शक्ति एवं ऊर्जा को राष्ट्रीय हितों में उपयोग कर हम विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है । उन्होंने बताया कि हमे खुशी है कि सुवे के सभी विद्यालयों में युवा क्लव, विज्ञान क्लव, इको क्लव का गठन किया जा चुका है पंचायत स्तर पर खेल क्लव बनाया जा रहा है फाउंडेशन ने प्रखंड स्तर पर युवा विकास केंद्र खोल रहा है साथ ही सभी थानों में सेप्टी पैनल एवं सामुदायिक पुलिस बनाने को लेकर डीजीपी से आग्रह किया गया है । वहीं फाउंडेशन के स्वयंसेवको ने सेवा भावना से लोगो को मदद पहुँचा रहा है । स्वयंसेवक रक्तदान में भी बढ़ चढ़ कर भाग लेते है । फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर इंजीनियर सुरजीत ने बताया कि हम लोगो ने फतुहा प्रखण्ड को मॉडल प्रखण्ड बनाने का संकल्प लिया है । युवाओ को स्वरोजगार से जोड़ा जायेगा साथ जो युवा दिशाहीन होकर अपराध और नशा खोरी की ओर अग्रसर है उन्हें भी मुख्य धारा में जोड़ा जायेगा । मौके पर पंकज कुमार, अमित सैनी, राहुल कुमार, सुमित कुमार समेत दर्जनों स्वयंसेवक मौजूद रहे ।

# 51 छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। आस्था के महापर्व छठ पर कस्तुरी नृत्यांगन चैरिटेबल ट्रस्ट ने 51 छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया। छठ व्रतियों को सूप, नारियल, नींबू, साड़ी, सुहाग का सामान सहित पूजन सामग्री का वितरण ट्रस्ट की संस्थापिका मौसम शर्मा और ट्रस्ट से जुड़ी सारी सदस्य द्वारा किया गया। मौके पर उपस्थित मौसम शर्मा ने कहा कि लोक आस्था का यह पर्व लोगों को एक सूत्र में बांध कर रखती है। उन्होंने छठी मैया से आशीर्वाद मांगते हुए कहा कि लोग सुखी और समृद्ध रहें। यह पर्व प्रकृति की पूजा का पर्व है, समता और समानता का संदेश देने वाला पर्व है। मैं कामना करती हूँ की इस पर्व में सभी व्रतियों का अनुष्ठान अच्छे से संपन्न हो और पूरे प्रदेश में सम्पन्नता आए, लोग स्वस्थ्य और निरोग रहें। मौके पर कस्तुरी नृत्यांगन चैरिटेबल ट्रस्ट से जुड़ी सभी सदस्य मौजूद रही।

# गीतावली सिन्हा को चित्रगुप्त सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। लेखन क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिये श्रीमती गीतावली सिन्हा को चित्रगुप्त सम्मान से सम्मानित किया गया। चित्रगुप्त सामाजिक संस्थान के तत्वावधान में गिरिराज उत्सव पैलेस में गोष्ठी, सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस मौके पर लेखन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिये श्रीमती गीतावली सिन्हा को चित्रगुप्त सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। श्रीमती गीतावली सिन्हा को उप महापौर श्रीमती रेशमी चंद्रवंशी ने मोमेंटो, अंगवस्त्र और पौधा देकर सम्मानित किया। श्रीमती गीतावली सिन्हा ने इस सम्मान के लिये चित्रगुप्त सामाजिक संस्थान का शुक्रिया अदा किया है। गौरतलब है कि श्रीमती गीतावली सिन्हा क्रियेशन आर्ट एंड क्राफ्ट इंस्टीच्यूट की डायरेक्टर भी हैं। उन्होंने इंस्टीच्यूट के तहत कई महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई, बुनाई,मधुबनी पेंटिंग, डेकोपाश, पाककला का प्रशिक्षण दिया है। उन्होंने लघु कथा, कहानी, उपन्यास, कविता, सम-सामायिक विषयों पर कई लेख लिखे हैं।

## भगवान श्री श्री चित्रगुप्त पूजा और भैया दूज पूजा पूरे हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया

नई सोच एक्सप्रेस



**दानापुर**। श्रीश्री चित्रगुप्त पूजा और भैया दूज की पूजा खगौल आसपास बहुत ही धूमधाम और श्रद्धा व्यक्तिभाव से मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व केंद्र मंत्री व भाजपा नेता रामकृपाल यादव और नगर विकास मंत्री नितीन नवीन आदि ने भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज से आशीर्वाद लेने खगौल के रेलवे न्यू कॉलोनी और मोतीचौक स्थिति पूजा स्थल पहुंचे। स्थानीय मुख्य पूजा रेलवे न्यू कॉलोनी स्थित घनश्याम स्कूल परिसर में श्री श्री चित्रगुप्त पूजा कमिटी की ओर से एवं मोतीचौक कच्ची तालाब स्थिति श्री श्री चित्रगुप्त पूजा समिति की ओर से पूजा का आयोजन किया गया। न्यू रेलवे कॉलोनी,स्थिति श्री श्री चित्रगुप्त पूजा कमिटी के चेयरमैन विनोद कुमार ,अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा एवं सचिव विनय कुमार ( रमन ) ने संयुक्त रूप से इसकी जानकारी देते हुए बताया है कि विधि विधान से पूजा के बाद प्रसाद वितरण, प्रीति भोज और शाम में भव्य आरती का आयोजन किया गया। जिस में काफी संख्या में लोग शामिल हुए। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कमिटी के अजय कुमार सिंहा,सुशील कुमार सिंहा,राकेश कुमार सिंहा एवं प्रभात कुमार के अलावा अन्य सा ही सदस्यों ने महत्वपूर्ण योगदान किया है। वहीं खगौल बाजार में मोती चौक,कच्ची तालाब में श्री श्री चित्रगुप्त पूजा समिति के आशुतोष श्रीवास्तव, मुदिता सहाय, सुधीर सहाय, अनीश प्रभाकर ने बताया कि दिन में पूजा ,प्रसाद वितरण के बाद शाम में आरती और सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में , विश्वामित्र सहाय,राजीव रंजन,रंजन सिंह,शत्रुघ्न प्रसाद,चंदू प्रिंस,सुजीत कुमार सिंहा,देव कुमार लाल,संतोष सिंहा, निक्कू, गोलू,छोटी,सोनु प्रकाश,संजीव सिंहा,जीतू सिंहा,प्रदीप लाल,राकेश सिंहा,अभिनव सिंहा आदि ने महत्वपूर्ण योगदान किया है।

संक्षिप्त समाचार


## परसा में आपसी विवाद में चाकूबाजी से किशोर जख्मी

**छपरा।** परसा थाना क्षेत्र के अन्याय में शनिवार की शाम चाकू के प्रहार से एक 14 वर्षीय किशोर लहूलुहान हुआ।जख्मी किशोर अन्याय निवासी उपेंद्र राय का पुत्र नीतीश कुमार है। घटना की सूचना मिलने के साथ ही डायल 112 पुलिस व स्थानीय पुलिस तुरंत अन्याय पहुंची और जख्मी किशोर को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसा लाया। जख्मी को पेट व फेफड़े के समीप चाकू लगा है। उसका प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे तुरंत पीएमसीएच रेफर किया गया। उपचार कर रहे चिकित्सक ने बताया कि जख्म से रक्तस्राव व सांस लेने में आ रही समस्या को देखते हुए उपचार के बाद तुरंत रेफर किया गया।जख्मी को रेफर करने के साथ ही थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने मामले की छानबीन को लेकर पूछताछ के साथ छापेमारी शुरू कर दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि चाकूबाजी की घटना पूर्व से चल रहे विवाद से जुड़ा है। फिर भी शनिवार को किस बात को लेकर विवाद हुआ कि किशोर को चाकू के प्रहार से जख्मी किया गया इसे लेकर जांच की जा रही है।

## प्रति यूनिट एक किलो अनाज मिल रहा कम,जांच में सामने आई गड़बड़ी

**छपरा।** प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी जलालपुर संतोष कुमार ने शनिवार को नवादा के पीडीएस दुकानदारों विद्या सिंह व विशुनपुरा की पैक्स दुकान की जांच की। जांच में प्रति यूनिट पांच किलो की जगह चार किलो अनाज देने के मामले का खुलासा हुआ। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नवादा के पीडीएस दुकानदार द्वारा कम अनाज दिए जाने की शिकायत ग्रामीणों ने मुखिया विष्णु प्रसाद यादव से की। मुखिया ने बताया कि शिकायत से नाराज डीलर ने उपभोक्ताओं को अपनी दुकान से भगा दिया व कहा कि वह जितना दे रहा है उतना ही अनाज लेना पड़ेगा। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने एमओ को सूचना दी। एमओ ने मौके पर पहुंच कर दुकान की जांच की तथा उपभोक्ताओं की शिकायत को दर्ज किया। इधर विशुनपुरा पैक्स की दुकान की भी जांच की जहां प्रति यूनिट चार किलो अनाज देने का मामला सामने आया। इस संबंध में एमओ ने कहा कि प्रति यूनिट पांच किलो अनाज नहीं देने वाले डीलरों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## बहन-भाई के प्यार का प्रतीक भाई दूज



**सुगौली।** इस पर्व का सबसे बड़ा महत्व है कि इस दिन को भाई-बहन के पवित्र रिश्ते के लिए मनाया जाता है। प्राचीन कथाओं के अनुसार भगवान यमराज की बहन यमुना अपने भाई से दीर्घ काल दूर रहने के बाद इस दिन मिलती है।बहन-भाई के प्यार का प्रतीक भाई दूज बड़े उल्लास के साथ प्रखंड के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को मनाया गया। बहनों ने भाई को तिलक कर उनकी लंबी आयु और सुख-समृद्धि के लिए कामना की। भाइयों ने भी अपनी बहनों के लिए उपहार खरीदकर उन्हें दिए। दिवाली की रौनक भैया-दूज के दिन भी खूब दिखाई दी। भाई दूज की शुरुआत द्वापर युग से हुई। हर वर्ष कार्तिक माह में शुक्ल पक्ष की द्वितीय को भाई दूज का पर्व मनाया जाने लगा। इस संदर्भ में बाबा मनीष दास ने बताया कि खट्टी-मीठी यादों से भरा भाई-बहन का रिश्ता स्पेशल होता है। इस रिश्ते को साल में 2 दिन रक्षाबंधन और भाई दूज के त्योहार के तौर पर मनाया जाता है। दिवाली के 2 दिन बाद भाईदूज का त्योहार मनाया जाता है, जिसमें बहनें अपने भाई के माथे पर तिलक करके भगवान से उनकी लंबी उम्र की प्रार्थना करती हैं। पांच दिवसीय दिवाली पर्व के आखिरी दिन भाई दूज मनाया जाता है। यह पर्व भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है। यह पर्व प्यार और रक्षा का प्रतीक होता है। इस दिन बहनें अपने भाई का रोली और अक्षत से टीका करती हैं।ऐसा माना जाता है कि इस दिन यदि विधि-विधान से पूजा की जाए, तो भाई-बहनों के ऊपर से अकाल मृत्यु का संकट टल जाता है।

## श्री चित्रगुप्त पार्क में की गयी सामूहिक पूजा

### कायस्थ विभूतियों की तस्वीरों के संग चित्रांशों ने खिंचायी तस्वीर



**गया।** 'मषि भाजन संयुक्तश्च रसि त्वं महीतले...' के मंत्रोच्चारण के बीच स्थानीय वरीय पुलिस अधीक्षक आवास के सामने अवस्थित श्री चित्रगुप्त पार्क में श्री चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर चित्रांशों द्वारा सामूहिक पूजा-अर्चना की गयी। कलमजीवियों के आराध्यदेव एवं कायस्थों के कुल देवता भगवान चित्रगुप्त जी की सामूहिक पूजा के अवसर पर कायस्थों ने समाज में सुख-शांति की कामना की। श्री चित्रगुप्त पार्क में कायस्थ विभूतियां यथा राजा ललितादित्य, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, लाल बहादुर शास्त्री, स्वामी विवेकानंद, सुभाष चन्द्र बोस, मुंशी प्रेमचंद की बड़ी तस्वीर पार्क में लगायी गयी है, जिसके साथ कायस्थ बड़े गर्व से तस्वीर खींचा रहे हैं। श्री चित्रगुप्त परिवार समिति, गेवाल बिगहा के सचिव जुगेश कुमार सिन्हा ने बताया कि वर्ष 1991 से श्री चित्रगुप्त पार्क में सामूहिक पूजा की जा रही है। इस बार वृंदावन में स्थापित विश्व की सबसे बड़ी भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा की प्रतिकृति बिठायी गयी है। श्री सिन्हा ने बताया कि 04 नवम्बर को सामूहिक बिरादरी भोज का आयोजन किया गया है। तदुपरांत, सामूहिक विसर्जन में समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर डॉ. रत्न कुमार, समाजसेवी संजू श्रीवास्तव, समिति के अध्यक्ष योगेश कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष आलोक कुमार सिन्हा, सह कोषाध्यक्ष गोपाल प्रसाद, सूर्यनन्दन प्रसाद, शिवशंकर प्रसाद, मनोज कुमार, मुकेश कुमार सिन्हा, राकेश कुमार, यश सिन्हा, कुश वर्मा, सिमरन सिन्हा, विक्की कुमार, विनोद कुमार, राहुल कुमार, नागेंद्र कुमार, कृष सिन्हा, विकास कुमार, रमेश चन्द्र सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी "गौरव यात्रा" पर पहुँची छपरा

» 11-20 नवम्बर की अवधि में राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हो रहा है वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी-2024 का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**छपरा।** वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2024 का अयोजन 11-20 नवंबर की अवधि में राजगीर में नवनिर्मित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया जा रहा है। यह बिहार में खेलों के विकास में अहम साबित होगा।इस प्रतियोगिता की ट्रॉफी का "गौरव यात्रा" के तहत बिहार राज्य के सभी जिलों में परिभ्रमण कराया जा रहा है। इसी क्रम में गौरव यात्रा के तहत ट्रॉफी का शनिवार को सारण जिला मुख्यालय छपरा में आगमन हुआ। राजेन्द्र स्टेडियम, छपरा में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी अमन समीर, पुलिस अधीक्षक कुमार आशीष, उपविकास आयुक्त यतेंद्र कुमार पाल सहित अन्य पदाधिकारियों एवं खेल प्रेमियों ने इस ट्रॉफी का स्वागत किया तथा इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने। इस अवसर पर बिहार के विभिन्न जिलों से राज्यस्तरीय बालिका वुशू प्रतियोगिता के लिये छपरा आयी टीमों के खिलाड़ी भी मौजूद थे। सभी की उपस्थिति में बॉल पासिंग सेरेमनी के साथ इस ऐतिहासिक क्षण का समापन हुआ। इसके बाद ट्रॉफी गौरव यात्रा अपने अगले गंतव्य मुजफ्फरपुर के लिये प्रस्थान हुई।इस अवसर पर निदेशक डीआरडीए,नजारत उपसमाहर्त्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी,जिला खेल पदाधिकारी, जिला कला संस्कृति पदाधिकारी सहित विभिन्न खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## रेलवे ट्रैक के पर युवक की पड़ी लाश की खबर मिलने से फैली सनसनी



नई सोच एक्सप्रेस

**जहानाबाद।** नगर थाना क्षेत्र के दरधा नदी के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक की लाश मिलने की खबर पर सनसनी फैल गयी। शव की पहचान अरवल मोड़ समीप स्थित सरस्वती मार्केट के मालिक सुरेंद्र शर्मा के एकलौते पुत्र किशोर के रूप में हुई। नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मृतक के पिता सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि मेरे पुत्र की हत्या कर लाश को रेलवे लाइन पर फेंक दिया गया है। उन्होंने बताया कि जहां मेरे पुत्र की लाश को फेका गया है। मुझे पुरा विश्वास है कि किसी ने मेरे पुत्र की हत्या कर दी है। मामला जो कुछ भी हो लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि मामला हत्या है या आत्म हत्या।

## एसीयाई महिला हॉकी चैम्पीयनशिप ट्रॉफी गौरव यात्रा पहुँची समस्तीपुर

नई सोच एक्सप्रेस



**समस्तीपुर।** 3 नवम्बर एशियाई महिला हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी गौरव यात्रा बिहार के विभिन्न जिलों से होते हुए रविवार को समस्तीपुर जिला अंतर्गत पटेल मैदान में पहुंची जहां पर जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा के साथ जिले के विधायक मोरवा रणविजय साहू, विधान पार्षद डॉ तरुण कुमार मेयर नगर निगम समस्तीपुर अनीता राम एवं जिला स्तरीय विभिन्न पदाधिकारी जिसमें नगर आयुक्त नगर निगम समस्तीपुर केडी प्रोज्ज्वल, अपर समाहर्ता समस्तीपुर अजय कुमार तिवारी, उप विकास आयुक्त समस्तीपुर संदीप शेखर प्रियदर्शी, दिलीप कुमार अनुमंडल पदाधिकारी समस्तीपुर,एएसपी संजय कुमार पांडे आकाश खेल पदाधिकारी समस्तीपुर, सुश्री जूही कुमारी, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी समस्तीपुर, नज़रत उप समाहरत्ता प्रियंका प्रियदर्शीनी सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य लोगों ने इसका भव्य स्वागत किया। विदित हो कि एशियाई हाकी महिला चैंपियनशिप 2024- 25 राजगीर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में दिनांक 11 नवंबर से 20 नवंबर 2024 तक आयोजित है जिनमें एशिया के विभिन्न देश प्रतिभाग कर रहे हैं।

# भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने का लिया संकल्प, भ्रष्टाचार देश के लिए अभिशाप है!अबू तमीम

नई सोच एक्सप्रेस



**समस्तीपुर।** 3 नवंबर राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद, नई दिल्ली के निर्देशानुसार मौलाना मजहरुल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मथुरापुर, समस्तीपुर के तत्वाधान में विजिलेंस अवैरनेस वीक का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के सभागार में भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने की शपथ दिलाकर की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष मो०अबू तमीम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अपने संबोधन में तमीम ने भ्रष्टाचार को देश के लिए एक अभिशाप बताया और कहा कि एनसीटीई के द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन देश को इस अभिशाप से मुक्ति दिलाने में मील का पत्थर साबित होगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० अंजुम वारिस ने एनसीटीई के द्वारा भेजे गए शपथ पत्र को पढ़कर सभी छात्र-अध्यापकों तथा प्राध्यापकों को शपथ दिलाई। साथ ही साथ विजिलेंस अवैरनेस मार्च निकाला गया, जो महाविद्यालय से निकलकर मुख्य मार्ग होते हुए मथुरापुर घाट, जो एक अति व्यस्त चौराहा है, पर पहुँचकर एक सभा में परिवर्तित हो गया। इस चौराहे पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूकता पैदा करने हेतु एक नाटक की प्रस्तुति की गई। इस प्रस्तुति को देखने के लिए काफी बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई तथा आम जनों ने इस कार्यक्रम की सराहना की। सभी छात्र-छात्राओं ने अपने हाथों में भ्रष्टाचार मुक्ति के लिए विभिन्न संदेशों की पट्टियाँ ले रखी थीं, जो इस कार्यक्रम में चार चाँद लगा रही थीं। छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार तथा विभिन्न कुरीतियों को दर्शाते हुए रंगोली बनाकर उन कुरीतियों को दूर करने का संदेश प्रस्तुत किया। सप्ताह भर चले विभिन्न कार्यक्रमों का आज विधिवत समापन हुआ तथा उत्कृष्ट कार्य के लिए छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव अबू सईद, प्राध्यापक अशोक कुमार अकेला, डॉ० रंजीता कुमारी, सविता कुमारी, रंजना कुमारी, इशराक आलम, डॉ० आशीष कुमार, डॉ० इफ़्तेख़ार आलम अंसारी, सेराज अहमद, अनिश कुमार, प्रशांत कुमार, मो० नज़ीर, शशि कुमार, गौतम गोविन्द आदि मौजूद थे। नाटक में भाग लेने वालों में सजीव कुमार, शिल्पा सिंह, बबली, कृति, अंशु किरण, कौशल, पंकज कुमार, शाहनवाज़, राहुल, शेखर आदि प्रशिक्षु छात्र-छात्राएं थे । इसके अलावा महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने मार्च में भाग लिया।

## अविलंब फ्लैंक का निर्माण नहीं तो भाकपा माले एवं किसान महासभा चलाएगी सड़क जाम आंदोलन- ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह

नई सोच एक्सप्रेस



**ताजपुर/समस्तीपुर।** 3 नवंबर मोतीपुर सब्जी मंडी के आसपास स्थित नेशनल हाईवे के किनारे का फ्लैंक ध्वस्त होने के कारण सड़क दुर्घटना बढ़ गया है। हाईवे ऑथोरिटी अविलंब फ्लैंक निर्माण कराएं अन्यथा भाकपा माले एवं किसान महासभा सड़क जाम आंदोलन चलाने को बाध्य होगी। ये बातें क्षेत्र भ्रमण के बाद रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह, किसान महासभा के प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह ने कहा। क्षेत्र भ्रमण के दौरान शंकर सिंह, प्रभात रंजन गुप्ता, राजदेव प्रसाद सिंह आदि मौके पर मौजूद थे माले नेता सुरेंद्र प्रसाद सिंह एवं किसान नेता ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह ने कहा कि सब्जी मंडी के आसपास सड़क किनारे का फ्लैंक धंसा हुआ है। इस वजह से ट्रक, बस के हार्न देने से बाईक, बाईक, पैदल यात्री आदि हाईवे से नीचे नहीं उतर पाते हैं। फ्लैंक के आभाव में नीचे उतरने पर दुर्घटनाग्रस्त हो जाएंगे या फिर सड़क पर चलने से पीछे से आ रही गाड़ी का शिकार हो जाते हैं।उन्होंने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि दुर्घटना के समय अधिकारी फ्लैंक बनवाने का आश्वासन दे देते हैं लेकिन बाद में मामला जब का तस रह जाता है। माले नेता ने कहा है कि जिला प्रशासन एवं हाईवे ऑथोरिटी अविलंब फ्लैंक का निर्माण कर सड़क दुर्घटना रोकने का उपाय करें अन्यथा भाकपा माले एवं अखिल भारतीय किसान महासभा किसान, मजदूर, गद्दीदार एवं व्यापारी को एकताबद्ध कर सब्जी मंडी के पास सड़क जाम आंदोलन शुरू करेगी।

## नई ट्रांसफर नीति शिक्षकों के लिए अन्यायपूर्ण : शिक्षक संघ

नई सोच एक्सप्रेस



» इस नीति से शिक्षा प्रणाली ही नही बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता को भी होगा नुकसान : शिक्षक नेता


**छपरा।** शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के ट्रांसफर का नया शेड्यूल जारी किया है।शिक्षक छह नवंबर से ट्रांसफर के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इस ट्रांसफर नीति का विरोध करते हुए परिवर्तनकारी प्रारम्भिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष समरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए नई नियमावली बना कर भले अपनी पीठ थपथपा रही हो, लेकिन शिक्षकों के बीच इस नई नियमावली को लेकर कोई उत्साह का माहौल नहीं है बल्कि इस नियमावली से शिक्षकों में बेहद नाराजगी है। शिक्षकों ने राज्यकर्मी का दर्जा पाने के लिए सक्षमता परीक्षा दी थी,लेकिन सरकार सभी को स्थानांतरण के लिए बाध्य कर रही हैं। शिक्षक नेता ने कहा कि यह नियमावली नीति को शिक्षकों के प्रति अन्यायपूर्ण है। हर पांच साल में स्कूल और स्थान बदलने की बाध्यता शिक्षकों के साथ-साथ उनके परिवारों के लिए काफी परेशानी भरा होगा। इससे शिक्षा प्रणाली ही नहीं, बल्कि शैक्षणिक गुणवत्ता को भी नुकसान होगा। सरकार अनिवार्य ट्रांसफर के इस नियम पर पुनर्विचार कर शिक्षकों को ऐच्छिक स्थानांतरण की न्यायसंगत मांग को पूरी करे। इस मौके पर संजय यादव,विनोद राय, हवलदार मांझी,निजाम अहमद, पंकज प्रकाश,पीयूष तिवारी,संतोष सिंह,श्यामबाबु सिंह,सुमन प्रसाद कुशवाहा,सुनील जी,भीम कुमार रजक,जमील जी,मनीष जी,एहसान अंसारी,पप्पू जी,मंटू कुमार मिश्रा, विनायक यादव,शौकत अली,जयप्रकाश तिवारी,मंटू सिंह,ललन राय,उमेश राय सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

लेट्स इंस्पायर बिहार
राहुल कुमार सिंह
मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

## बिहार के बौद्धिकों को युवाओं की कौशलता में वृद्धि के लिए चिंतनशील होना होगा

### बिहार को अपनी शिक्षा प्रणाली को उद्योग जगत की ज़रूरतों, विशेषकर उभरती प्रौद्योगिकियों के अनुरूप बनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। जिससे आने वाले दशकों में युवाओं का भविष्य सुरक्षित हो सके।

नई सोच एक्सप्रेस



**[ आईपीएस विकास वैभव का कहना है कि बिहार अभी युवा राज्य है लगभग 9 करोड़ जनसंख्या जिसकी आयु 30 वर्ष से कम है। आने वाले दो दशकों में इन युवाओं को रोज़गार की आवश्यकता होगी। वर्ष 2047 तक विकसित बिहार के विज़न को प्राप्त करने के लिये शिक्षा, उद्यमिता एवं रोज़गार को और अधिक प्रभावी ढंग से एकीकृत करने की आवश्यकता है। इस स्थिति में बिहार राज्य को निवेशकों का विश्वास बढ़ाने के लिये अपनी बौद्धिक संपदा अधिकार व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, विशेष रूप से उच्च तकनीक और अनुसंधान एवं विकास-गहन क्षेत्रों में। ]** वैश्विक निवेश केंद्र बनने की दिशा में बिहार की यात्रा एक आशाजनक पथ पर है, जो सामरिक सुधारों, अवसंरचनात्मक विकास और एक युवा, तकनीक-प्रेमी कार्यबल द्वारा संचालित है। अपनी क्षमता को पूरी तरह से साकार करने के लिये, बिहार को अवसंरचना, नियामक जटिलता और कौशल विकास में प्रमुख चुनौतियों का समाधान करना चाहिए, साथ ही अपनी डिजिटल और सतत् विकास पहलों को सुदृढ़ करना चाहिये। लक्षित उपायों के साथ, बिहार राज्य वैश्विक निवेश के लिये एक शीर्ष गंतव्य के रूप में अपनी स्थिति को सुदृढ़ कर सकता है। बिहार में वर्तमान जनसंख्या लगभग 14 करोड़ है और उसमें 9 करोड़ आबादी जिनकी उम्र 30 वर्ष से कम है। आने वाले दशकों में इन युवाओं को रोज़गार की आवश्यकता होगी और जब, बिहार के वर्तमान बौद्धिक इस बात पर चिंतनशील होकर युवाओं की कौशलता में वृद्धि में सहयोग करेंगे तो आने वाले समय में बिहार भारत का एक अग्रणी राज्य बन जाएगा। भारत में विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी है, जिसकी अनुमानित वृद्धि वर्ष 2011 में 121.1 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2036 तक 152.2 करोड़ हो जाएगी, जो इसे जनसांख्यिकीय लाभ का केंद्र बनाती है। जीवंत कार्यबल और युवा प्रतिभाओं के विशाल समूह के साथ, भारत वर्ष 2030 तक वैश्विक रूप से सबसे युवा देशों में से एक बना रहेगा। यह युवा आबादी तेज़ी से तकनीक-प्रेमी हो रही है, अनुमान है कि वर्ष 2025 तक भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या 900 मिलियन तक पहुँच जाएगी, जिससे ई-कॉमर्स, डिजिटल सेवाओं और तकनीक-सक्षम क्षेत्रों में अवसर उत्पन्न होंगे। भारत के पास विश्व की सबसे बड़ी श्रम शक्ति है, जो विभिन्न कौशल स्तरों पर श्रमिकों की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करती है। भारतीय श्रम लागत कई अन्य देशों की तुलना में प्रतिस्पर्द्धी बनी हुई है, विशेषकर विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में। श्रम बाज़ार में कौशल का बेमेल होना एक और चिंता का विषय है। वर्ष 2019 के एक रोज़गार सर्वेक्षण से पता चलता है कि 80% भारतीय इंजीनियर ज्ञान अर्थव्यवस्था में किसी भी नौकरी के लिये उपयुक्त नहीं हैं और उनमें से केवल 2.5% के पास कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) में तकनीकी कौशल है जिसकी उद्योग को आवश्यकता है। भारत की जनसंख्या विश्व की कुल जनसंख्या के 17.78% के बराबर है, जो एक विस्तृत संभावित ग्राहक आधार प्रदान करती है। आर्थिक रूप से निरुद्ध राष्ट्र से वैश्विक निवेश अधिकेंद्र में भारत के परिवर्तन का श्रेय मेक इन इंडिया पहल को दिया जा सकता है। इस प्रमुख कार्यक्रम ने रोज़गार सृजन को पुनर्जीवित किया है, आर्थिक विकास उत्प्रेरित किया है और व्यवसायों, विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों का उत्पादन करने के लिए सशक्त बनाया है। इसने कई क्षेत्रों को घटिया उत्पादों के आयातकों से प्रीमियम वस्तुओं के निर्यातकों में परिवर्तित करने में सहायता की है, जिसमें खिलौना निर्माण उद्योग एक प्रमुख उदाहरण है, जिसने निर्यात में 239% की वृद्धि देखी जबकि आयात आधा रह गया। भारत के नवीकरण सोच को बिहार को भी अपनाना होगा। इतनी विशाल युवा आबादी को सही मार्गदर्शन मिले इसके लिए आईपीएस विकास वैभव अपने सामाजिक अभियान लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के साथ चिंतनशील है। बिहार के स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र में अपार संभावनाएँ हैं। और, आर्थिक विकास एवं रोज़गार सृजन में महत्त्वपूर्ण योगदान कर सकता है। हालाँकि, इस गति को बनाए रखने और इसे तेज़ करने के लिये विनियामक बाधाओं को दूर करना, शिक्षा एवं उद्योग के बीच गहन सहयोग को बढ़ावा देना और वित्तपोषण एवं अवसंरचना तक समान पहुँच सुनिश्चित करना आवश्यक है। बिहार शिक्षा, उद्यमिता एवं रोज़गार को एकीकृत कर अपनी उद्यमशीलता क्षमता को साकार कर सकता है। और, वर्ष 2047 तक एक विकसित बिहार बनने की ओर आगे बढ़ सकता है।

## पटना स्मार्ट सिटी के 124 कैमरे से की जायेगी 24 छठ घाट की निगरानी

नई सोच एक्सप्रेस

» इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से होगी पल-पल की निगरानी
» पल पल की गतिविधि पर रहेगी पटना स्मार्ट सिटी के कैमरे की नजर

**पटना।** पटना स्मार्ट सिटी के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में बैठे कर्मी रखेंगे पल-पल की गतिविधि पर नजर। पटना स्मार्ट सिटी द्वारा पटना के विभिन्न गंगा घाट पर कैमरे लगाए गए गौरतलब है की पटना के विभिन्न गंगा घाट पर छठ व्रती लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर सूर्य को अर्घ्य देती हैं।बता दें कि गंगा घाट पर 124 कैमर लगे हैं। इन कैमरों द्वारा सावधानी एवं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कण्ट्रोल रूम से निगरानी की जाएगी एवं किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सुचना तुरंत घाट पर उपस्थित पदाधिकारी एवं सुरक्षा कर्मी को दी जाएगी।जिससे उनके द्वारा त्वरित करवाई की जा सके मॉनिटरिंग के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा कि कोई भी व्यक्ति सुरक्षा घेरा पार न करें। पटना स्मार्ट सिटी द्वारा लगभग 24 गंगा घाट पर कैमरे लगे हैं जिनमे जिन्हे अपने अनुसार पैन टिल्ट जूम किया जा सकता ) एवं फिक्स कैमरे शामिल है स्मार्ट सिटी द्वारा जिन घाटों पर लगे हैं कैमरे उनमें शामिल है कलेक्टै्ट घाट, महेन्द्रू घाट,काली घाट, बांस घाट,पटना कॉलेज घाट, कंगन घाट, मीनार घर , नोजर कटरा, पटिपुल घाट जेपी सेतु घाट एवं अन्य घाट। छठ महापर्व के अवसर पर गंगा घाट पर आस्था का जान सैलाब उमड़ता है और ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक न हो एवं किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना ना हो इस बात का पूरा ख्याल रखा जाता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए एन आई टी घाट पर अस्थायी कण्ट्रोल रूम का किया जा रहा निर्माण। अस्थायी कंट्रोल रूम में जिþला प्रशासन एवं बिहार पुलिस के पदाधिकारी तैनात रहेंगे। पटना सिटी पूरे शहर में लगाये पब्लिक एड्रेस सिस्टम से आमजन को स्वच्छता एवं सुरक्षा को लेकर लगातार जिंगल्स के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। गौरतलब की पूरे पटना शहर में। कुल 69 जगहों पर पिए सिस्टम अधिष्ठापित है जिसमें से गंगा घाट पर 16 पिए सिस्टम लगे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भाई दूज पर हिंदू बहन ने मुस्लिम भाई को किया याद, लंबी उम्र की कामना

» राजस्थान से बोधगया घूमने आई थी रिचा, ट्रेन छूट जाने से औरंगाबाद में सल्लू से हुई थी मुलाकात

» रक्षाबंधन व भैया दूज पर रिचा सल्लू को करती है याद

**औरंगाबाद**। राजस्थान के उदयपुर जिला के मालवी गांव के सूरज देव ठाकुर की पुत्री रिचा कुमारी रविवार को भाई दूज के अवसर पर अपने मुस्लिम भाई और औरंगाबाद के कांग्रेस नेता सह समाजसेवी और मोहम्मद शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान को याद किया है। लंबी उम्र के लिए व्रत रखा है। जानकारी देते की कुछ मन पहले रिचा राजस्थान से बोधगया घूमने के लिए ट्रेन से आई थी लेकिन किसी कारणवश गया रेलवे स्टेशन से राजस्थान जाने वाली ट्रेन छूट गई। रात के करीब 11 बजे के आसपास बस के माध्यम से वह औरंगाबाद शहर पहुंची इसी क्रम में मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान गुजर रहे थे। इसी बीच उसकी हालत बिगड़ने लगी जिसे स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए भर्ती करवाया। निजी खर्चे से रिचा का टिकट कटवाया और औरंगाबाद से डेहरी के लिए एक चार पहिया वाहन से भेजवाए। सभी आभार को देखते हुए रिचा ने शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान को अपना भाई मान ली और प्रत्येक रक्षाबंधन और भाई दूज पर अपने भाई को राजस्थान से याद करती है।

### कैट की टीम ने सफाई अभियान चलाकर कपड़े के थैले बांटे

प्लास्टिक को दोबारा उपयोग न करने का आव्हान किया



**बिलासपुर, छत्तीसगढ़**। दिवाली विद माय भारत के अंतर्गत कैट की टीम ने बृहस्पति बाजार में सफाई अभियान चलाकर जन सामान्य को कपड़े के थैले वितरित किये। साथ ही लोगों का सिंगल यूज प्लास्टिक को दोबारा उपयोग न करने का आव्हान किया। इस अभियान के तहत लोगों को मेरा भारत मेरा अभियान की टोपी प्रदान की गई। इसे पाकर सब्जी वाली दीदियों और भाइयों ने खुशी जाहिर की और सबने मिलकर मेरा भारत मेरी दिवाली का नारा लगाया जिससे पूरा बृहस्पति बाजार गुंजायमान हो गया। इस अवसर पर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा प्रांगण में सफाई कर उन्हें माल्यार्पण किया गया। यह कार्यक्रम कैट बिलासपुर अध्यक्ष किशोर पंजवानी,महासचिव हीरानंद जयसिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेन्द्र गांधी व प्रांतीय अध्यक्ष राजू सलूजा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अध्यक्ष किशोर पंजवानी ने स्वागत उद्बोधन दिया। हिरानंद जयसिंह ने सिंगल यूज प्लास्टिक, मेरा भारत मेरी दिवाली और कैट संस्था के उद्देश्यों से सभी को अवगत कराया। अभियान के नोडल अधिकारी डॉ दिनेश यादव ने आभार प्रकट किया। इस अवसर पर महामंत्री आशीष अग्रवाल , कार्यकारी अध्यक्ष श्रीकान्त पांडे, सहसचिव विष्णु गुप्ता, अरविंद वर्मा , विदुत मण्डल , कैट की महिला सदस्य निहारिका त्रिपाठी , पायल लाठ , भारती सालुंखे, कैट बिलासपुर की टीम के सभी सदस्य, नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी डॉ दिनेश यादव, लेखाधिकारी एमएल सोनी एवं उनकी टीम, तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### रेल पुलिस ने मोबाइल चोर को रंगेहाथ किया गिरफ्तार



**कटिहार**। कटिहार रेल मंडल अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल के इंस्पेक्टर राकेश कुमार के नेतृत्व में सीपीडीएस टीम द्वारा रविवार को गुप्त सूचना पर विशेष ड्राइव के दौरान चार मोबाइल चोर को यात्री के चोरी के अलग अलग कंपनी के मोबाइल फोन से साथ रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार आरपीएफ द्वारा आयोजित ड्राइव के दौरान पकड़े गए शातिर मोबाइल चोर में मोनू पोद्दार, सोनू यादव, फागू उरांव और मो इंतिखाब आलम है। जिन्हें आरपीएफ द्वारा यात्री के चीरी के मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार कर रेल पुलिस को अग्रिम कार्यवाही के लिए सुपुर्द किया गया। जिस संबंध में रेल थाना में मामला दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वही पूर्णिया आरपीएफ द्वारा भी रेल छेत्र में अनाधिकृत प्रवेश और स्टेशन पर मटरगस्ती करने के आरोप में कुल तीन लोगो को और ट्रेन की चैन पुलिंग के मामले में एक युवक को पकड़कर रेलवे एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए रविवार को रेलवे न्यायालय में पेश किया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रिमांड मजिस्ट्रेट मोनिका मेहता ने पकड़े गए रेलवे एक्ट के सभी अभियुक्तों को आर्थिक दंड की सजा दी गई और मोबाइल चोरी के मामले मे पकड़े गए सभी लोगों को जेल भेज दिया गया। मौके पर आरपीएफ पोस्ट कमांडर राकेश कुमार के साथ रेल थाना प्रभारी मो अलाउद्दीन, आरपीएफ सीपीडीएस प्रभारी सैयद एहसान अली, आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर आवेदनन्द सिंह, बबलू कुमार, मनोज सिंह सहित आरपीएफ और रेल पुलिस के कई जवान मौजूद थे।

# तेंदुआ पकड़ने के लिए वन विभाग द्वारा पांच कैमरे और दो ट्रैप लगाया गया

नई सोच एक्सप्रेस



**बिहटा**। जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार बिहटा एयरफोर्स स्टेशन का एस.डी.पी.ओ., थानाध्यक्ष, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, वन रेंज अधिकारी, एयरफोर्स के सुरक्षा अधिकारी के साथ निरीक्षण किया गया। इसके साथ साथ स्थित एयरफोर्स स्टेशन के सूर्य मंदिर छठ घाट का भी निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों से संवाद कर उन्हें वर्तमान स्थिति और प्रशासन एवं जिला वन पदाधिकारी द्वारा तेंदुआ पकड़ने के लिए के किये जा रहे प्रयास के बारे में बताया गया | वन विभाग द्वारा पांच कैमरे और दो ट्रैप लगाए गए हैं, शाम, रात और सुबह गश्त के लिए टीमें गठित की गई हैं। डीएफओ द्वारा स्वयं प्रतिदिन गश्त की जा रही है।इसके अलावा

» शाम, रात और सुबह गश्त के लिए टीमें गठित की गई

एयरफोर्स स्टेशन के पीटीजेड कैमरों से भी निगरानी की जा रही है। प्रशासन स्थिति पर नजर रख रहा है और साथ ही तेंदुये के पकड़े जाने की स्थिति में सूर्य मंदिर मैं छठ पूजा की तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिए नगर परिषद बिहटा के सफाई कर्मचारियों द्वारा वन रक्षक, स्थानीय पुलिस एवं वायु सेना के निगरानी मे परिसर के अंदर स्थित तालाब की सफाई भी करवाणे का फैसला लिया गया। सूर्य मंदिर तालाब के पास तेंदुआ अक्सर देखा जा रहा है। हालांकि एयरफोर्स कैंपस के बाहर अभी तक तेंदुआ नहीं देखा गया है।सुरक्षा के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए कैंपस में स्थित तीन स्कूलों को बंद कर दिया गया है। एयरफोर्स स्टेशन के बाहर स्थित गांवों को अलर्ट कर दिया गया है। वन, प्रशासन और पुलिस की टीम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम कर रही है।

## हर्षोल्लास के साथ की गई ज्ञान और बुद्धि के देवता चित्रगुप्त की पूजा

नई सोच एक्सप्रेस



**औरंगाबाद**। औरंगाबाद शहर के कर्मा रोड स्थित चित्रगुप्त सभागार सह लोकनायक जयप्रकाश नारायण सांस्कृतिक भवन में श्री श्री चित्रगुप्त पूजा महोत्सव 2024 का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। सुबह वैदिक मंत्रोचारण के बीच पूरे विधि - विधान से भगवान चित्रगुप्त की पूजा - अर्चना की गई और इसमें कायस्थ परिवार समेत समाज के अन्य वर्गों के लोगों ने पूजन के क्रम में अपना साल भर का ब्योरा लिखकर भगवान को समर्पित किया । इस महोत्सव का आयोजन जी. के. सी. (ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस) औरंगाबाद के द्वारा किया गया । ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के अध्यक्ष कमल किशोर ने बताया कि चित्रगुप्त पूजा की शुरुआत सुबह 11 बजे से हुई। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया । संध्या में महाआरती ,महाप्रसाद और सामूहिक प्रतिभोज का कार्यक्रम जारी है । वहीं 4 नवंबर को दोपहर 3 बजे से मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम है । उन्होंने बताया कि इस महोत्सव को सफल बनाने में जीकेसी के अजय श्रीवास्तव , अजय वर्मा, इंजीनियर बी के श्रीवास्तव , डॉ अनिल कुमार सिन्हा, डॉ शीला वर्मा, श्रीराम अम्बष्ट, महेंद्र प्रसाद , मधुसूदन प्रसाद सिन्हा, राजू रंजन सिन्हा, राजेश सिन्हा, सूर्यकांत, दीपक बलजोरी, सुनील सिन्हा, गणेश प्रसाद लाल बाबू , उदय कुमार सिन्हा, अमीत कुमार , संजय सिन्हा, अभय सिन्हा समेत सभी चित्रांशों का विशेष योगदान रहा ।

## धूमधाम से मनाया गया चित्रगुप्त पूजा

नई सोच एक्सप्रेस



**सुगौली**। सुगौली प्रखंड के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रो में भगवान चित्रगुप्त महाराज की पूजा हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से किया गया।नगर के दृष्टि गुरुकुल पब्लिक स्कूल में सामूहिक रूप से चित्रांशों ने पूजा की। पूजा स्थल पर भव्य पंडाल बनाया गया था और चित्रगुप्त महाराज की भव्य प्रतिमा बनी थी।पूजा मंडप को दुल्हन के जैसा सजाया गया था।विद्वान आचार्य के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलम के देवता की विधिवत पूजा की गई।प्रखंड के सभी गांव से भारी संख्या में महिला व पुरुष पूजा करने के लिए पहुंचे। सभी लोगो ने सामूहिक रूप से पूजा की।जिसके बाद भाई भोज के लिए भंडारा लगाया गया था।जिसमे सैकड़ो लोगो ने भोजन किया। कमिटी के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूजा में डॉ0 सुधीर कुमार, प्रखंडअध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव,सचिव जयप्रकाश श्रीवास्तव,उदय प्रकाश श्रीवास्तव,पूजा अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, बीकू श्रीवास्तव, विशाल कुमार , सनी बाबू, राहुल श्रीवास्तव, सत्यम कुमार, सुंदरम कुमार, अशोक कुमार श्रीवास्तव, सुजल श्रीवास्तव,किशोर कुमार,गुड्डू कुमार,आनन्द कुमार,मनोज श्रीवास्तव,प्रकाश कुमार सहित भारी संख्या में चित्रांश परिवार शामिल थे।

## छठ महापर्व है लोक आस्था का :- मंत्री श्रवण कुमार

नई सोच एक्सप्रेस



**बिहार शरीफ**। बिहारशरीफ प्रखंड के वियावानी एवं कोसुक में छठ घाट का निरीक्षण बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार के द्वारा किया गया।निरीक्षण के क्रम में संबंधित पदाधिकारियों को मंत्री श्रवण कुमार ने निर्देश देते हुए कहा कि छठ पूजा के अवसर पर घाटों की साफ सफाई की समुचित व्यवस्था अस्थाई शौचालय चेंजिंग रूम घाट प्रवेश एवं निकास द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था का बेहतर इंतजाम एवं एन डी आर एफ या एसडीआरएफ की की टीम की नियुक्ति आदि की समुचित व्यवस्था का ससमय कराने का निर्देश दिया।घाटों की सफाई, सुरक्षा एवं स्वच्छता को अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि छठ घाटों पर सारी तैयारियां पूरी कर ली जाय। छठ व्रतियों को अर्घ्य देने में कोई परेशानी न हो, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करें। छठ घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रखें। छठ घाटों के पास सुरक्षा के दृष्टिकोण से मजबूत बैरिकेडिंग करायें। घाटों के पहुँच पथ एवं नदी के किनारे की सड़कों के पास भी छठ व्रतियों के सुचारू आवागमन हेतु बैरिकेडिंग करायें। उन्होंने कहा कि छठ पूजा के दौरान माइकिंग के माध्यम से छठ घाटों पर की गई व्यवस्थाओं एवं अन्य सूचनाओं के संबंध में छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को लगातार जानकारी दी जाए। छठ घाटों तक छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के पहुंचने के लिए सुगम ट्रैफिक व्यवस्था कराएं ताकि छठ व्रतियों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। छठ घाटों पर साफ-सफाई की भी पूरी व्यवस्था रखें।।छठ बिहार में मनाया जाने वाला एक प्रमुख हिंदू त्योहार है। लगभग सभी सभ्यताओं में 'सूर्य देवता' की पूजा का एक पर्व है, लेकिन बिहार में इसका एक अनूठा रूप है। छठ पर्व एकमात्र ऐसा अवसर है जहां उगते सूर्य के साथ-साथ अस्त होते हुए सूर्य की भी पूजा की जाती है।प्रकाश, जीवन शक्ति और ऊर्जा के देवता भगवान सूर्य की उपासना, मानव जीवन की समृद्धि, जन कल्याण, आरोग्य, विकास को बढ़ावा देने के लिए की जाती है। भक्त भगवान सूर्य के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं और चार दिनों के लिए महत्वपूर्ण अनुष्ठान करते हैं। इस त्योहार के दौरान व्रत रखने वाले लोगों को व्रती कहा जाता है।इस पर्व में लोगों की अटूट आस्था भगवान सूर्य के प्रति देखने को मिलती है| यह पर्व लोगों में उत्साह,उमंग भर देता है| इस पर्व को देखने और करने के लिए लोग दूर दूर से आते है| यह पर्व बिहार की संस्कृति का गौरव है।इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार अपर नगर आयुक्त प्रखंड अध्यक्ष संजय कुशवाहा जदयू के मुख्य प्रवक्ता डा धनंजय कु देव अध्यक्ष गुलरेज अंसारी मिंटू मुखिया धनंजय मुखिया मुखिया प्रमोद कुमार मंटू कुशवाहा मुन्ना मांझी संजय प्र कुशवाहा रामजन्म रविदास आकाश कु काजल उपेन्द्र दिलवाला टुन्नी प्रसाद शिवनंदन कुमार संजय प्र ललन कुशवाहा जयंत शर्मा बिट्टू कुशवाहा दिवाकर कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एस.बी.पी.डी.सी.एल द्वारा जहानाबाद डिवीजन कार्यालय में 12वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद**। साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के द्वारा डिवीजन कार्यालय में 12वां स्थापना दिवस के अवसर पर एक बृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ज़िलाधिकारी और आरक्षी अधीक्षक भी कार्यक्रम में विलम्ब से आये और द्वीप प्रजवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।इस अवसर पर कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार के द्वारा आगंतुक अतिथियों का अभिवादन किया गया। 12वां स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर संयुक्त रूप से ज़िलाधिकारी, आरक्षी अधीक्षक, अनुमंडलाधिकारी, अपर समाहर्ता एवं ज़िला के अन्य पदाधिकारियों ने केक काटकर स्थापना दिवस का स्वागत किया। इस अवसर पर जिला के कई अन्य उच्चाधिकारियों के साथ साथ विधुत विभाग के सभी अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे। ज़िलाधिकारी ने कंपनी के अधिकारियों और कर्मियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड जहानाबाद में में बढ़िया काम हो रहा है और इनके देखरेख में और भी बेहतर काम की आशा है। हमलोगों का यह प्रयास होना चाहिये कि इससे भी बेहतर काम हो। इसके लिए निरंतर कोशिश की जानी चाहिए। स्मार्ट मीटर लगाए जाने को लेकर ज़िलाधिकारी ने कहा कि स्मार्ट मीटर के सम्बंध में कुछ भ्रांतियां हैं। ऐसी भ्रांतियां को प्रखंडवार कैम्प लगा कर दूर की जाएगी। इसके जहानाबाद डिविज़न बधाई का पात्र हैं। इस ज़िला में बहुत अच्छा काम किया गया है और आशा है कि आगे भी इनके द्वारा अच्छा काम किया जाता रहेगा। कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार ने कहा कि ग्रामीणों के बीच स्मार्ट मीटर के सम्बन्ध में कुछ भ्रांतियां हैं। सरकार की तरफ से पूरा प्रयास किया जा रहा है की भ्रांतियां को दूर किया जाएगा। बिजली विभाग की ओर से पंचायत स्तर पर प्रखंड स्तर पर विभिन्न प्रकार के शिविर लगाए जाते हैं और प्रचार प्रसार किया जाता है। जिला प्रशासन भी लगातार प्रयास कर रहा है कि ज्यादा से ज्यादा स्मार्ट मीटर के कनेक्शन लगाए जाएं। इन्होंने आगे कहा कि पूरे बिहार में साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड अपना 12वां स्थापना दिवस काफी धूमधाम से मना रही है।

## होपनाटोला में बरदखूंटा धूमधाम से मनाया

नई सोच एक्सप्रेस



**गोड्डा**। पथरगामा प्रखंड के पीपरा पंचायत होपना टोला गाँव में बरदखूंटा का आयोजन शनिवार को देर शाम 05 बजे से 09 बजे रात तक किया गया। वहीं टोटेमिक कुड़मी विकास मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार महतो ने बताया कि हमलोगों का सोहराय परब शुरू होते ही कई तरह के कुड़मी समाज के लोग अपने नेगाचारि करते हैं कांचा दिया जलाकर शुरुआत होती है उसके बाद दूसरे दिन गोहायल पूजा, चक पूरा, गाय चुमा, खेत से धान लाकर मड़रई बांधा जाता है पुआ पकवन बना कर पूजा किया जाता है तीसरे दिन बरदखूंटा होता है पूरे झारखंड में बरदखूंटा के दिन मांदर की थाप से झूमर गाकर बैल को सिन्दूर, काजल, फूल माला से सजा करके बरदखूंटा का आयोजन किया जाता है और बैल को नचाता है जितने भी परब हमलोगों के बारह मासे तेरह परब होता है उनमें से एक सोहराय/बांधना परब है जो लोग ढोल, मांदर, नगाड़ा और झूमर गाते हैं मस्ती करते हैं। वहीं नजारा होपनाटोला में देखने को मिला कुड़माली झूमर टीम ने सोहराय गीत, अहिरा गीत, और कई तरह के गीत गाकर लोगों का मन मोह लिया चलें जाबय के सजनी बरदखूंटा देखेलाय इस गाने को सुनकर गाँव के अगल बगल के लोगों की भीड़ जुटने लगी और भीड़ 09 बजे रात तक लोग जमकर बैठें रहे और बरदखूंटा का मजा लिया। बरदखूंटा को सफल बनाने में अहम योगदान राधिका देवी प्रेमलाल महतो ट्रस्ट के अध्यक्ष दिगम्बर महतो का बहुत ज्यादा सहयोग राहा। कुड़मालि नेगाचारि जुग जुग जियाय राखा गो बरदखूंटा में सभी को जोहार करते हैं। मोके पर उपस्थित कुड़मी विकास मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष दीपक कुमार महतो, प्रखंड सचिव अजय डुंगरीआर, शिवकुमार महतो, राकेश महतो, दीपक महतो, रामप्रसाद महतो, सुनील महतो, रविन्द्र महतो, गौतम महतो, रतन महतो, मुन्ना महतो, कन्हाई महतो, जुगेश महतो, राजकिशोर महतो, धौनी, मुकेश, कलावती महतो, सोनी महतो, दीप्ति श्री महतो, माधुरी महतो, राधिका देवी, प्रमिला महतो, प्रिया महतो आदि हजारों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## महाभारत क्लब बैगना छठ घाट पर नगर निगम को विशेष ध्यान देनी की जरूरत - सुनील कुमार यादव





नई सोच एक्सप्रेस

» कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने विभिन्न छठ घाट का भ्रमण कर तैयार का लिया जायजा

**कटिहार**। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने रविवार को अपने समर्थकों के साथ शहर के विभिन्न छठ घाट पर पहुंचकर तैयारी का जायजा लिया। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव सर्वप्रथम जहां प्रसिद्ध विजय बाबू पोखर छठ घाट पर पहुंच कर चल रहे तैयारी का जायजा लिया वही उसके पश्चात उन्होंने महाभारत क्लब बैगन में भी छठ पूजा को लेकर चल रहे तैयारी का जायजा लिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने बताया कि विजय बाबू पोखर छठ घाट पर तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है उन्होंने बताया कि विजय बाबू पोखर छठ घाट पर भी श्रद्धालुओं की काफी भीड़ लगती हैं और यहां पर साफ सफाई के अलावा अन्य तैयारी चल रही हैं। कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने महाभारत क्लब बैगना छठ घाट को लेकर बताया कि अब तक महाभारत क्लब बैगना छठ घाट पर पूजन स्थल पर से कीचड़ नहीं हटाया गया है उन्होंने कहा कि इस छठ घाट पर युद्ध स्तर पर कार्य करवाने की जरूरत है कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने कहा कि महाभारत क्लब बैगना छठ घाट पर तैयारी को लेकर नगर निगम की ओर से जो सहयोग किया जा रहा है यह काफी नहीं हैं। उन्होंने असंतुष्टि जाहिर करते हुए नगर आयुक्त से भी बात कर जल्द से जल्द बैगना छठ घाट पर से कीचड़ हटाने के साथ-साथ साफ सफाई के कार्य को युद्ध स्तर पर करवाने का मांग किया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने कहा कि लोक आस्था के महापर्व छठ पर साफ सफाई का विशेष महत्व है इसलिए सभी छठ घाट पर विशेष तौर पर साफ सफाई अच्छी तरह से हो इस पर नगर निगम को अवश्य ध्यान देनी चाहिए। मौके पर कांग्रेस नेता दिलीप विश्वास, संजय सिंह, पंकज तंबाकूवाला, राजेश रंजन मिश्रा, विकास सिंह, मोहम्मद इश्तियाक आलम, राज आनंद सिंह, प्रीतम चक्रवर्ती, अखिलेश पोद्दार, अरुण प्यासा, मोहम्मद नौशाद के अलावा कई बुद्धिजीवी लोग मौजूद रहे।

## एस.टी.एफ टीम को मिली बड़ी सफलता, जहानाबाद के 10 मोस्ट वांटेड अपराधियों में शामिल दो कुख्यात को किया गिरफ्तार

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद**। बिहार एस.टी.एफ टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एस.टी.एफ की टीम ने जहानाबाद में टॉप 10 मोस्ट वांटेड कुख्यात अपराधियों में शामिल दो अपराधियों को वैशाली से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार होने वाले अपराधी का नाम रोहन तिवारी और राजा तिवारी है। अपराधियों ने 10 अप्रैल 2024 को नगर क्षेत्र में 6 लाख रुपए की लूट को अंजाम दिया था।सी.सी.टी.वी की फुटेज के आधार पर इनकी पहचान हुई थी। जहानाबाद थाना लाने के बाद इन्हें सी.सी.टी.वी फुटेज से मिलाया गया और उनकी पहचान और सत्यापन किया गया। पूरी तरह से जांच पड़ताल के बाद इन्हें एसटीएफ की टीम ने जहानाबाद पुलिस को सौंप दिया। जिसके बाद इन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एस.डी.पी.ओ राजीव कुमार ने बताया कि इन अपराधियों का लंबा चौड़ा आपराधिक इतिहास रहा है। इनका गिरोह कई अंतरराज्यीय कांड में भी शामिल रहें हैं। इनके कई अपराध यू.पी में भी दर्ज है और इनका पूरा परिवार अपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है। उन्होंने बताया कि बिहार में इनके 06 मामले दर्ज हैं। इससे पहले इनके परिवार के तीन अन्य अपराधियों को भी इसी मामले में गिरफ्तार किया गया था। जिसमें इनके माता पिता भी हैं जो फिलहाल अभी न्यायिक हिरासत में हैं। इन्हें भी अब न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक यह लोग वैशाली जिला के रहने वाले हैं और उनके परिवार के सभी लोग इस गिरोह में काम करते हैं। इन सब का मॉडल अप्रेंटिस यह है कि यह किसी भी जगह पर 2 साल से ज्यादा नहीं टिकते हैं। इनके परिवार की महिलाएं साड़ी बेचने का कारोबार करती है और इस दौरान यह रेकी करते हैं की कि घर में लूट का अंजाम दिया जाए। जिस घर में रोजाना पैसों की लेनदेन होती है। उन्हें वह टारगेट करते हैं और इसके बाद यह अपराधी बैंक में रेकी कर उनलोगों पर नजर रखते हैं। पुलिस को सबसे पहले इनका चेहरा रेकी करते समय ही सी.सी. टी.वी फुटेज में दिखा था। पुलिस अधिकारियों को जब सबसे पहले इनके अपराधों की सूचना मिली थी तब ये समस्तीपुर में थे लेकिन उसके बाद ये सभी वैशाली आ गए। पुलिस को भनक लगे इससे पहले वह सब वहां से अपनी सारी चीज बेचकर दूसरी जगह जाकर अपना काम शुरू कर देते हैं। इस गिरोह का नाम तिवारी गिरोह है और यह बिहार सहित यू.पी में भी कई लूट की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं।

# रिपोर्टों के पीछे मकसद क्या है?

ऐसी रिपोर्टें कई दशक से जारी हो रही हैं। अब यह कहने का आधार है कि इनसे गरीबी को ठोस समझ बनाने में कोई मदद नहीं मिली है। इसलिए अब यह सवाल उठाने का वक्त है कि इन रिपोर्टों के पीछे मकसद क्या है? बीते हफ्ते के आरंभ में वैश्विक गरीबी पर में विश्व बैंक की रिपोर्ट आई। सप्ताहांत में संयुक्त राष्ट्र ने इसी संबंध में अपनी रिपोर्ट जारी की। विश्व बैंक विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी स्थित ऑक्सफोर्ड पॉवर्टी एंड ह्यूमन डेवलपमेंट इनिशिएटिव पिछले कई वर्षों से गरीब लोगों की संख्या के बारे में अपना साझा अनुमान जारी कर रहे हैं। अपनी ताजा रिपोर्ट में उन्होंने भारत के बारे में कहा है कि यहां 23 करोड़ 40 लाख लोग चरम गरीबी में जी रहे हैं। विश्व बैंक ने ये संख्या 13 करोड़ 40 लाख बताई थी। ये दोनों आधिकारिक संस्थाएं हैं। इनके अलावा कुछ एनजीओ भी अपना अनुमान जारी करते हैं। उनसे भी अलग संख्या सामने आती है। ऐसी रिपोर्टें कई दशक से जारी हो रही हैं। इसलिए अब यह कहने का आधार है कि इनसे गरीबी को समझने या उससे लोगों को मुक्ति दिलाने के बारे में कोई ठोस सोच नहीं बनती है। उलटे भ्रम पैदा होता है। इसलिए अब यह सवाल उठाने का वक्त है कि इन रिपोर्टों को तैयार करने के पीछे मकसद क्या है? उद्देश्य दुनिया में गरीबी खत्म करना है, तो फिर ये संस्थाएं न्यूनतम और भ्रामक पैमाने क्यों अपनाती हैं? नव-उदारवादी दौर के पहले एक मान्य फॉर्मूला व्यक्तियों को उपलब्ध कैलोरी होती थी। भारत में गांवों में जिन लोगों को रोजाना 2200 और शहरों में 2100 से कम कैलोरी उपलब्ध थी, उन्हें गरीब समझा गया था। अनेक गंभीर अर्थशास्त्रियों दिखाया है कि आज इस कैलोरी उपलब्धता से वंचित लोगों की संख्या तब से ज्यादा है। वजह यह है कि शिक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवहन जैसी सेवाओं का निजीकरण होने का बोझ लोगों की निजी आमदनी पर पड़ा है। इस कारण उन्हें अपनी जरूरतों में कटौती करनी पड़ी है। इस बात के आधिकारिक आंकड़े हैं कि बहुत से गरीब लोगों ने अपने भोजन में कटौती की है। जबकि शिक्षा एवं इलाज जैसी अनिवार्यताओं पर बढ़े खर्च की गणना खर्च क्षमता में करके विश्व बैंक करोड़ों लोगों को गरीबी रेखा से उठा बता देता है। ऐसी ही विसंगतियां संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में भी हैं। फिर भी ऐसी रिपोर्टों का सिलसिला जारी है।

# जिन पिंग के दिमाग के कोने में भारत की जीरो अंहमियत

**हरिशंकर व्यास**

भारत के प्रति चीन इंच भर (हां, इंच भर) न नर्म होगा, न पीछे हटेगा। इसका फिर प्रमाण 23 अक्टूबर 2024 की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिन पिंग की मुलाकात है। वैश्विक राजनीति के परिपेक्ष्य में मुझे भारत के विदेश मंत्री, विदेश सचिव के बयानों से चीन के लचीले बनने की उम्मीद थी। लगा लद्दाख क्षेत्र की सीमा पर चीन अप्रैल 2020 से पूर्व की यथास्थिति लौटा देगा। भारतीय सेना जिस इलाके में पैट्रोलिंग करती थी, वहां वह वापिस करने लगेगी। चीन यदि अपने कब्जाएं 2000 वर्गकिलोमीटर भारतीय क्षेत्र से सैनिक हटाता है, दोनों देशों की सेनाएं आमने-सामने के गतिरोध से पीछे हटती है तो भारत का चीन पर विश्वास बनेगा। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश तब मन से चीन का दोस्त होगा। और चीन-रूस मिलकर विश्व राजनीति में अपनी जो अलग व्यवस्था बना रहे है उसमें भारत साझेदार या परोक्ष समर्थक होगा। वह सैनिक-सुरक्षा चिंता में अमेरिका-पश्चिमी देशों की और देखना रोक देगा। इससे चीन-रूस के पश्चिमी देशों के खिलाफ शक्ति परीक्षण, नई विश्व व्यवस्था, वित्तिय व्यवस्था के एजेंडे को बल मिलेगा। आखिर 140 करोड़ लोगों की आबादी का देश डालर में लेन-देन के सिस्टम से युआन-रूबल मिक्स करेंसी के एक्सचेंज का आंशिक सहभागी भी बने तो उथल-पुथल होगी। वास्तविकता है ताईवान को ले कर चीन की अमेरिका से जबरदस्त ठनी हुई है। उसकी आर्थिकी अमेरिका-योरोप की घेरेबंदी से मंदी की मारी है। वह रूस के साथ सैनिक-सामरिक-आर्थिकी की साझेदारी से दुनिया का अछूत हुआ है तो ऐसे में भारत यदि उसके मंसूबों की नई विश्व व्यवस्था में उसका साझेदार या मौन पैरोकार भी बने तो रूस-चीन के झंड़े का दबदबा बढ़ेगा। जब दांव इतने ऊंचे और भविष्य दृष्टि के है तब लद्दाख क्षेत्र के बंजर पठार के 2000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में चीन अपनी सेना को अप्रैल 2020 की स्थिति में लौटा ले तो नुकसान से ज्यादा उसे फायदा है! मगर नहीं! चीन की मनोदशा में इंच भर पीछे हटने या झुकने की वृति नहीं है। माओं, चाऊएनलाई, देंग और शी जिन पिंग के समय में बार-बार जाहिर हुई भारत के प्रति हिकारत का उसका रवैया जस का तस है। चीन भारत का वह पड़ौसी है जो धूर्त, स्वार्थी है तो तलवारधारी विश्व व्यापारी भी है। इक्कीसवीं सदी में वह भारत सहित पूरी दुनिया को अपनी वर्चस्ववादी धुरी का पुछल्ला बनाने की जिद्द ठाने हुए है। उसके रोडमैप में अब एक कदम पीछे दो कदम आगे का व्यवहार भी नहीं है। उसे व्यापार और आर्थिकी की रणनीति में भारत को पुछल्ला बनाना ही है। फिलहाल उसके ताजा इरादों पर गौर करें। एक, चीन ने रूस को अपनी फैंचाइंजी बना लिया है। रूस उस पर आश्रित है। उसका कंधा है। राष्ट्रपति शी जिन पिंग जो कहेंगे वही पुतिन करेंगे। पुतिन कतई शी जिन पिंग को नहीं समझा सकते है। दो, चीन-रूस का एकीकृत मिशन अमेरिका-पश्चिम की केंद्रीकृत धुरी के आगे अपनी नई विश्व व्यवस्था बनाना है। तीन, चीन ने इसके लिए दुनिया भर के छोटे-गरीब देशों को बेइंतहा पैसा दे कर उन्हे अपना मोहताज बनाया है। भारत के सभी पड़ौसी चीन पर आश्रित है। अर्थात वह देशों की संख्यात्मक ताकत बनाते हुए है। चार, भारत, जापान, आस्ट्रेलिया जैसे देशों को चीन ने सैनिक दबाव और व्यापार के दोहरे कारणों से दुविधा, चिंता तथा आयातों की निर्भरता में ऐसा फंसाया है कि भारत के विदेश मंत्री को सार्वजनिक तौर पर यह मजूबरी बतलानी पड़ती है कि यह मुद्दा (व्यापार) जटिल है और इसमें ब्लैक एंड व्हाइट जैसा कुछ नहीं है। पांच, ब्रिक्स की बैठक में नेटो सदस्य तुर्की को न्यौत कर तथा मिस्त्र, इथियोपिया की सदस्यता का अर्थ है कि चीन-रूस ने उत्तर-मध्य एसिया के सभी इस्लामी देशों के अलावा पाकिस्तान से तुर्की तक फैले पूरे पश्चिम एसिया, उत्तर अफ्रिका के उस सभ्यतागत क्षेत्र को अपने प्रभाव में लेने का ब्ल्यूप्रिंट बनाया है जहां इस्लामी देशों (विशेषकर यहूदी इजराइल के परिपेक्ष्य में) की गोलबंदी भविष्य में चीनी सभ्यता का खंभा हो सकती है। तभी चीन और राष्ट्रपति शी जिन पिंग के दिमाग के कोने में भारत की जीरो अंहमियत है। चीन का थिंकटैंक जानता है

# पीड़ितों को कब तक मिलती रहेगी ‘तारीख-पे-तारीख’



आरती कुमारी





यह सही कहा गया है, “न्याय में देरी न्याय से इनकार है,” सभी के लिए निष्पक्ष और न्यायसंगत न्याय सुनिश्चित करने के लिए समय पर सुधारों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करता है। स्थगन के कारण विस्तारित समयसीमा समय पर न्याय तक पहुँच को सीमित करती है, जिससे न्यायिक प्रणाली में जनता का विश्वास प्रभावित होता है। वकीलों को नैतिक प्रथाओं पर शिक्षित करने, अनावश्यक स्थगन अनुरोधों को हतोत्साहित करने और समय पर केस समाधान को बढ़ावा देने के लिए कार्यशालाएँ आयोजित करें। कानूनी निकायों ने सतत व्यावसायिक विकास कार्यक्रम शुरू किए हैं, जिनका उद्देश्य कुशल मामले निपटान की संस्कृति विकसित करना है। भारत में न्यायिक बैकलॉग एक बड़ी चुनौती है, जहाँ विभिन्न न्यायालयों में 4 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। इस बैकलॉग का एक मुख्य कारण अत्यधिक न्यायिक स्थगन है, जो मामले के समाधान में देरी करता है और न्याय प्रदान करने में बाधा डालता है। कार्यवाही को सुव्यवस्थित करने के प्रयासों के बावजूद, बार-बार स्थगन प्रगति को बाधित कर रहे हैं। इस मुद्दे को सम्बोधित करने के लिए इसके मूल कारणों को समझना और व्यवस्थित सुधारों को लागू करना आवश्यक है। बार-बार स्थगन से मामलों की अवधि बढ़ जाती है, कभी-कभी अंतिम समाधान में वर्षों या दशकों तक का समय लग जाता है, जिससे न्यायपालिका की दक्षता प्रभावित होती है। प्रत्येक स्थगन मुकदमेबाजी के समग्र ख़र्च को बढ़ाता है, जिससे पक्षकारों पर वित्तीय बोझ पड़ता है, खासकर निम्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि वाले लोगों पर। स्थगन के कारण विस्तारित समयसीमा समय पर न्याय तक पहुँच को सीमित करती है, जिससे न्यायिक प्रणाली में जनता का विश्वास प्रभावित होता है। अंडरट्रायल से जुड़े आपराधिक मामलों में अक्सर कई स्थगन होते हैं, जिससे न्याय में देरी होती है और निष्पक्ष और त्वरित सुनवाई के आरोपी के अधिकार पर असर पड़ता है। स्थगन के कारण न्यायालय का बहुमूल्य समय नष्ट हो जाता है, जिसका उपयोग अन्य मामलों को निपटाने में किया जा सकता है, जिससे प्रणाली की समग्र दक्षता कम हो जाती है। स्थगन के कारण होने वाली देरी से गवाहों में थकान, स्मृति क्षरण और कभी-कभी पीछे हटने की प्रवृत्ति पैदा हो सकती है, जिससे साक्ष्य की गुणवत्ता और मामले के परिणामों पर असर पड़ता है। गवाहों को डराने-धमकाने के मामलों में, बार-बार स्थगन के कारण गवाह अपने बयान से मुकर जाते हैं या बदल देते हैं, जिससे फैसले पर असर पड़ता है। प्रक्रियात्मक संहिता स्थगन के लिए छूट प्रदान करती है, जिससे वकील रणनीतिक लाभ के लिए इस लचीलेपन का फायदा उठा सकते हैं। सिविल प्रक्रिया संहिता कुछ शर्तों के तहत स्थगन की अनुमति देती है, लेकिन कार्यवाही में देरी के लिए अक्सर इसका दुरुपयोग किया जाता है। उच्च केस लोड और सीमित न्यायालय कर्मचारी बार-बार स्थगन में योगदान करते हैं, क्योंकि न्यायाधीश प्रत्येक मामले को पर्याप्त समय आवंटित करने के लिए संघर्ष करते हैं। निचली अदालतों में, न्यायाधीशों पर अक्सर बहुत अधिक बोझ होता है, वे हर महीने सैकड़ों मामलों को संभालते हैं, जिसके परिणामस्वरूप सुनवाई स्थगित हो जाती है। पक्षकार व्यक्तिगत या रणनीतिक कारणों से कार्यवाही में देरी करने के लिए जानबूझकर स्थगन की मांग कर सकते हैं, जैसे कि वित्तीय देनदारियों में देरी या प्रतिकूल निर्णयों को स्थगित करना। संपत्ति विवादों में, प्रतिवादी कभी-कभी समाधान के बिना कब्जे को लम्बा करने के लिए बार-बार स्थगन का अनुरोध करते हैं। प्रभावी केस प्रबंधन प्रणालियों की अनुपस्थिति का मतलब है कि मामलों को कुशलतापूर्वक शेड्यूल या मॉनिटर नहीं किया जाता है, जिससे अनावश्यक स्थगन होता है। डिजिटल केस-ट्रैकिंग सिस्टम की कमी वाले न्यायालयों को प्रशासनिक अक्षमताओं का सामना करना पड़ता है, जिससे केस की प्रगति की निगरानी करना और देरी को कम करना कठिन हो जाता है। प्रशिक्षित न्यायालय कर्मियों की सीमित उपलब्धता, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, प्रक्रियात्मक देरी और स्थगन के लिए बार-बार अनुरोध की ओर ले जाती है। प्रक्रियात्मक संहिताओं में संशोधन करके स्थगन की संख्या सीमित करें, ख़ास तौर पर दीवानी और आपराधिक मामलों में। कुछ उच्च न्यायालयों ने स्थगन की अधिकतम सीमा तीन प्रति मामले तक सीमित करने के लिए सुधार पेश किए हैं, जिससे केस समाधान समयसीमा में सुधार हुआ है। शेड्यूलिंग को सुव्यवस्थित करने, केस की प्रगति की निगरानी करने और न्यायालय के संसाधनों को प्रभावी ढंग से आवंटित करने के लिए डिजिटल केस प्रबंधन उपकरण लागू करें। ई-कोर्ट परियोजना का उद्देश्य कुशल केस ट्रैकिंग, पारदर्शिता बढ़ाने और अनावश्यक देरी को कम करने के लिए डिजिटल सिस्टम शुरू करना है। मामलों के कुशल निपटान को प्रोत्साहित करने और स्थगन को कम करने के लिए न्यायाधीशों और न्यायालय के कर्मचारियों के लिए प्रदर्शन प्रोत्साहन पेश करें। राज्यों ने ऐसी योजनाएँ लागू की हैं जो न्यायिक अधिकारियों को केस समयसीमा का पालन करने के लिए पहचानती हैं और पुरस्कृत करती हैं, जिससे जवाबदेही को बढ़ावा मिलता है। केस हैंडलिंग क्षमता में सुधार के लिए, विशेष रूप से अधिक बोझ वाली अदालतों में, अतिरिक्त कर्मियों की नियुक्ति करके न्यायाधीशों की कमी को दूर करें। अतिरिक्त ज़िला न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए हाल ही में सरकार की पहल ने कुछ उच्च-लंबित क्षेत्रों में केस लोड को कम करने में मदद की है। वकीलों को नैतिक प्रथाओं पर शिक्षित करने, अनावश्यक स्थगन अनुरोधों को हतोत्साहित करने और समय पर केस समाधान को बढ़ावा देने के लिए कार्यशालाएँ आयोजित करें। कानूनी निकायों ने सतत व्यावसायिक विकास कार्यक्रम शुरू किए हैं, जिनका उद्देश्य कुशल मामले निपटान की संस्कृति विकसित करना है। भारत के न्यायिक बैकलॉग को सम्बोधित करने और न्याय वितरण को बढ़ाने के लिए न्यायिक स्थगन को कम करना आवश्यक है। केस प्रबंधन, स्थगन को सीमित करने और न्यायिक क्षमता का विस्तार करने जैसे उपायों को अपनाकर, न्यायपालिका एक कुशल प्रणाली की ओर प्रगति कर सकती है। यह सही कहा गया है, “न्याय में देरी न्याय से इनकार है,” सभी के लिए निष्पक्ष और न्यायसंगत न्याय सुनिश्चित करने के लिए समय पर सुधारों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करता है।

# महिलाओं को पुरुषों जितनी मजदूरी कमाने के समान अधिकार प्राप्त हो

**अशोक भाटिया , मुंबई**

दुनिया भर में कामगार वेतन मिलने का बेसब्री से इंतजार करते हैं। लेकिन वेतन मिलने से भले ही राहत, संतुष्टि या खुशी का एहसास हो, लेकिन यह अन्याय का भी प्रतीक हो सकता है - कार्यस्थल पर पुरुषों और महिलाओं के बीच लगातार असमानताओं की एक कठोर याद दिलाता है। अन्तराष्ट्रीय श्रम संगठन की वैश्विक मजदूरी रिपोर्ट (ग्लोबल वेज रिपोर्ट) के अनुसार महिलाएं पुरुषों की अपेक्षा 33% कम वेतन पाती हैं। इसका मतलब हुआ महिलाओं को पुरुषों जितनी मजदूरी कमाने के लिए 4 महीने अतिरिक्त काम करना पड़ता है, या यूँ कहें की महिलाएं साल में 4 महीने मुफ्त में काम करती हैं, बिना किसी वेतन के। साथ ही महिलाओं की भागीदारी ऐसी नौकरियों में 60% है जहाँ मजदूरी कम मिलती है, वहीं सर्वोच्च मजदूरी मिलने वाली नौकरियों में उनकी संख्या मात्र 15% है। यदि इन आंकड़ों से हम सरकारीउच्च श्रेणी की नौकरियों और मनरेगा के तहत कानूनन मिलने वाले रोजगार को हटा दें तो लैंगिक वेतन के असमानता में अंतर और बढ़ जाता है। गौरतलब है कि हमारे देश में सामान वेतन अधिनियम वर्ष 1967 में लागू हुआ था, 6 दशक से भी अधिक बीत चुके हैं लेकिन महिलाओं की स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। दरअसल लैंगिक वेतन अंतर जड़ जमाए असमानताओं से उत्पन्न होता है। महिलाएँ, विशेष रूप से प्रवासी महिलाएँ, अनौपचारिक क्षेत्र में अत्यधिक प्रतिनिधित्व करती हैं। अपने आस-पास देखें, सड़क पर सामान बेचने से लेकर घरेलू सेवा तक, कॉफी शॉप अटेंडेंट से लेकर निर्वाह खेती तक। महिलाएँ अनौपचारिक नौकरियाँ करती हैं जो अक्सर श्रम कानूनों के दायरे से बाहर होती हैं, जिससे उन्हें कम वेतन वाले, असुरक्षित कामकाजी माहौल में फँसाना पड़ता है, जहाँ उन्हें सामाजिक लाभ नहीं मिलते। महिला श्रमिकों के लिए ये खराब परिस्थितियाँ लैंगिक वेतन अंतर को बनाए रखती हैं। काम के लैंगिक विभाजन ने काम को महिला प्रधान या पुरुष प्रधान रोजगारों में श्रेणीत कर यह सुनिश्चित किया है की यह स्थिति ऐसी ही बनी रहे। और इसीलिए यह आंकड़ा बिलकुल भी आश्चर्यचकित नहीं करता कि पुरुष प्रधान रोजगारों में वेतन महिला प्रधान रोजगारों से कहीं अधिक है। इसके लिए आम तौर पर दिया जाने वाला तर्क यह है की पुरुषों द्वारा किये जाने वाले काम अधिक कौशलपूर्ण होते हैं जबकि महिलाओं का काम अकुशल होता है। इस तर्क से वेतन में होने वाले भेद-भाव को तो सहारा मिल जाता है पर कुशलता में यह दोहरा पैमाना कैसे चला आ रहा है इस मुद्दे पर यह तर्क मार खा जाता है। महिलाओं को कौशल प्राप्त करने में क्या मुश्किलें आती हैं उसे यह तर्क पूरी तरह से अनदेखा कर देता है। यदि महिलाएं कौशल हासिल कर अच्छी नौकरियों में आ भी जाती हैं तो जिस द्वेषपूर्ण तरीके से उनकी अनदेखी और विरोध किया जाता है भी उसे भी यह तर्क अनदेखा कर देता है। सामाजिक परिधि में द्वेषपूर्ण व्यवहार का डर ही महिलाओं को उनकी स्थिति से बांधे रखने के लिए काफी होता है और उन्हें आगे बढ़ कर कौशल हासिल करने से रोकता है। एक बेहद दुखद सच्चाई यह भी है की संगठित वर्ग के पुरुष मजदूरों ने भी काम के लैंगिक भेद के इस ढांचे को स्थापित करने और बनाये रखने में अपना पूरा योगदान दिया है। परिणामस्वरूप यूनियन भी ऐसे सामूहिक समझौते कर बैठती हैं जिनसे मजदूरी में लैंगिक अंतर बना रहे क्योंकि यूनियन के नेता और मालिक, दोनों ही मुख्यतः पुरुष होते हैं और ‘कौशल’ के इस सामाजिक मिथक के शिकार होते हैं। महिलाओं को मिलने वाला काम न सिर्फ अकुशल, असम्मानित और असुरक्षित होता है, साथ ही उन पर घर का काम करने की भी जिम्मेदारी होती जिसका कोई मजदूरी मूल्य नहीं होता। काम संरचना का पिछले कुछ दशकों में जिस प्रकार से पुनर्गठन हुआ है, उससे कई प्रकार के काम घरेलु रोजगार और स्वरोजगार के आयाम में धकेल दिए गए हैं जिससे कारण वे विनियमन के दायरे से बहार आ गए हैं। इस पुनर्गठन के कारण मजदूरों पर नियंत्रण करने के तरीकों में भी बदलाव आया है। इस नई नियंत्रण प्रक्रिया में मजदूरों का नियंत्रण परोक्ष रूप से, अत्यंत दमनकारी उत्पादन परिस्थितियों से किया जाता है जो मजदूरों को स्वयं को शोषित करने की तरफ धकेलता है। जहाँ मालिक काम को छोटे अंशों में परत दर परत ठेके पर सौंप कर मलाई उड़ा ले जाते हैं, वहीं ठेकेदारी के जंजाल में फंसे मजदूर खुद के लिए कानूनी संरक्षण जुटा पाने में भी स्वयं को असमर्थ पाते हैं। महिलाओं के लिए न्यायिक और लोक नीतियों द्वारा समानता के लिए प्रतिबद्ध सरकार, इस मुद्दे की भव्य विषमताओं से ही खुद को दरकिनार कर लेती है। लोक नीतियों की विफलता और उनके अनुपालन में होने वाली ढील ही असमानता को बढ़ावा देती है। किशोरियां स्कूल जाना छोड़ देती हैं क्योंकि वहां शौचालय नहीं हैं। यहाँ तक की कई सरकारी दफ्तरों और सार्वजनिक बैंकों में भी महिला कर्मचारियों के लिए अलग शौचालय की व्यवस्था नहीं है। महिलाओं के लिए पुरुषों के समान जीवन जी सकने की जटिलताएं इतने मामूली स्तर से शुरू होती हैं, और जब अवसरों में ऐसी असमानता हो तो आगे चल कर वह परिणाम में असमानता का रूप ले ही लेती है। आज महिलाओं के सामने जो समस्याएं मुंह बाए खड़ी हैं वे सिर्फ कामकाज़ी जीवन तक सीमित नहीं हैं। महिलाओं के आय में असमानता का निवारण करने से न सिर्फ आर्थिक अंतर कम होगा बल्कि वर्तमान समाज में शक्ति के संतुलन का ताना-बाना बदलेगा जिससे महिलाओं की स्थिति न सिर्फ राजतंत्र में बल्कि घर पर भी बदलेगी। एक ऐसी दुनिया में जहाँ रंग, जाती और धर्म के आधार पर भेद-भाव, विदेशी भीती और स्त्री-द्वेष की घटनाओं में इजाफा हुआ है उसमें महिलाओं पर लैंगिक अत्याचार होने का खतरा बढ़ गया है। यह हमारी ऐतिहासिक और मौजूदा सच्चाई का दर्पण है। यह दर्शाता है की कैसे महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति अपने सहकर्मियों और यूनियनों की उपेक्षा का शिकार रही हैं जिससे यह भेद-भाव आज एक बड़ी समस्या का रूप ले चूका है। यह मौन रहने की उस संस्कृति का भी दर्पण है जो उग्रता, हिंसा और भेद-भाव को बिना किसी दंड या अपराध के बोध फलने-फूलने का मौका देता है। इस साल दुनिया भर के अलग-अलग रोजगारों में निहित, सभी आयु वर्ग की महिलाएं एक सफल अभियान के तहत कार्यस्थल पर होने वाले यौन शोषण के खिलाफ एकजुट हुईं। इस अभियान के तहत न सिर्फ इस मुद्दे पर लगी चुप्पी टूटी बल्कि महिलाओं को एक-दूसरे के अनुभवों से बल मिला की वे भी एकजुट हो शक्ति के शिखर पर बैठे लोगों के खिलाफ आवाज़ तेज़ कर सकती हैं। इस अभियान ने शक्ति की मौजूदा संरचना की जड़ें हिला दीं, जिसमें लोगों के मौन रहने के कारण दमनकारियों को महिलाओं के खिलाफ अत्याचार दोहराते रहने का बल मिलता है। वर्तमान शोषक सामाजिक व्यवस्था और शक्ति संरचनाओं के विरोध में महिलाओं की अभिव्यक्ति को हम ट्रेड यूनियनों ने भी जरूरी तरजीह नहीं दी है। वक़्त आ गया है की हम न सिर्फ इस बात का संज्ञान लें की महिलाओं पर आए दिन कितना शोषण होता है बल्कि उसके खिलाफ खड़े हों और उस व्यवस्था को बदलें जो महिलाओं के दमन को बढ़ावा देती है, साथ ही ऐसी व्यवस्था का निर्माण करें जिससे हम अपने संगठन और उसके बाहर इस दमन को जड़ से ख़त्म कर सकें। वक़्त आ गया है की हम प्रण करें की हम महिलाओं के खिलाफ अत्याचार नहीं सहेंगे। यह बदलाव का समय है। यह हमारे भी बदलने की घड़ी है।




**मेष राशि** : आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। साथ ही लेन-देन के मामलों में.. आपको सावधानी बरतने की जरुरत है। करियर में भी आपको अपने गुरु का सहयोग प्राप्त होगा.. आप जीवन में आगे बढ़ेंगे। आपका कॉन्फिडेंस आपको सक्सेस दिलाएगा। अपनी सेहत को बेहतर बनाये रखने के लिए आपको टहलना चाहिए, साथ ही नकारात्मक चीज़ों से आपको बचे रहना चाहिए।

**वृष राशि** : आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। बिजनेस के किसी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। आपका काम अच्छे से पूरा होगा। आज आप कुछ मौज मस्ती के मूड में भी रहेंगे 7 रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ नयापन आ सकता है। इस राशि के बच्चों को उनके शिक्षकों से तारीफ मिलेगी। बड़े-बुजुर्ग अपने किसी बचपन के दोस्त से मिल सकते हैं.. अपनी पुरानी यादों को लेकर आपस में चर्चा करेंगे।

**मिथुन राशि** : आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है, उन्हें काम से जुड़ी कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार सबको प्रभावित करेगा। जीवनसाथी के साथ डीनर करने का प्रोग्राम बनायेंगे, जिससे रिश्तों में मिठास आयेगी। आज आपको सामाजिक स्तर पर लोगों की मदद के लिए मौका मिल सकता है।

**कर्क राशि** : आज आपका दिन बेहतर साबित हो सकता है। आज नौकरी करने वाले लोगों की तनख्वाह में बढ़ोतरी होने की भी संभावना है। प्रॉपर्टी से जुडी समस्याओं के लिए... भागदौड़ के उपरांत काम बन जायेगा। सगे सम्बन्धियों से अच्छे तालमेल बनेंगे। आज किसी जरूरतमंद की सहायता करने का मौका मिलेगा। आज आप किसी थीम पार्क घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं, जहां अपने मित्रों के साथ खूब इंजॉय करेंगे।

**सिंह राशि**: आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला। मसालेदार खाना खाने से आपकी सेहत में उतार चढ़ाव होगा। आज आपके बड़े भाई आपसे किसी विषय पर चर्चा करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों का आज कोई विरोध कर सकता है। जमीन जायदाद लेने के सिलसिले में आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

**कन्या राशि** : आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बेहतर बना रहेगा। सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरूस्त रहेंगे। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आज आपके काम करने की कला से लोग आपसे प्रभावित होंगे 7 लेखन के क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

**तुला राशि** : आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशिया लाया है। वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आज राह चलते किसी अनजान व्यक्ति से बेवजह विवाद से बचें। संयम रखने से रुकी योजनायें सफल होंगी 7 इस राशि के व्यापारियों को आज अच्छा लाभ होगा। आज किसी उलझन से बहार निकलने में दोस्त की मदद मिलेगी।

**वृश्चिक राशि** : आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। संतान के साथ रिश्ते में मजबूती आयेगी। आज आपको पैतृक सम्पति मिल सकती है। पुराने स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से आपको छुटकारा मिलेगा। आज आपके सभी काम आसानी से पूरे होंगे। कॉमर्स फील्ड के छात्रों को आज कुछ नया सीखने को मिलेगा... आपका ज्ञान बढेगा।

**धनु राशि** : आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज आप दूसरों की हरसंभव मदद करेंगे। पारिवारिक जीवन में ताल मेल बना रहेगा। आज के दिन परिवार के साथ बाहर डिनर करने का प्लान बनायेंगे। आज आप अपनी डेली रूटीन में बुक पढने की हैबिट डाल सकते है। साहित्य के क्षेत्र में आपका रुझान हो सकता है।

**मकर राशि** : आज आप अपने दिन की शुरुआत शांत मन से करेंगे। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी। दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करें। आज आपको फिजूल की बातों में पडने से बचना चाहिए। आपकी सेहत में कुछ उतार- चढ़ाव बना रहेगा। तली-भुनी चीजें खाने से आपको बचना चाहिए। आपके कुछ खास काम में आज रूकावट आ सकती है, लेकिन शाम तक काम पूरा हो जायेगा।

**कुंभ राशि** : आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। आज आपके अंदर पोजिटीविटी बनी रहेगी, जिससे आपका मन...काम करने में लगा रहेगा 7 आपकी भौतिक सुख सुविधाएँ बनी रहेंगी। ऑनलाइन बिजनेस कर रही महिलाओं की इनकम में इजाफा होगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करने के लिए आगे आयेंगे।

**मीन राशि** :आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। स्वास्थ का ध्यान रखें, किसी भी समस्या को नजरअंदाज न करें। समाज सेवा से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढेगा, लोगों का सहयोग मिलेगा। आज के दिन अपनी वाणी पर संयम बना के रखें, किसी के मामले में न पड़ें। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। परिवार के साथ प्रेम बढेगा। लेखन के क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

## शब्द सामर्थ्य -225

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**
1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 224का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | | | इं | | | |
| स | ह | | ब | र | सा | त | | प |
| | क | हा | नी | | न | क | च | ढ़ा |
| त | | | स्ब | | | ली | | ई |
| क | या | म | त | | क | फ | न | |
| दी | | र्दा | | बा | बू | | ह | वा |
| र | ह | ना | | ल | त | खो | र | |
| | वा | | नौ | क | र | | | सा |
| भा | ई | | का | | | बा | द | ल |

# भारतीय टीम तीसरा टेस्ट भी हारी, न्यूज़ीलैंड ने 3-0 से क्लीन स्वीप किया

## जडेजा और ऋषभ के प्रयास विफल रहे, एजाज की घातक गेंदबाजी



**मुम्बई।** भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ यहां वानखेड़े स्टेडियम में हुए क्रिकेट टेस्ट मैच में भी करारी हार का सामना करना पड़ा है। इसी के साथ ही मेजबान टीम न्यूजीलैंड ने सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया है। ये पहली बार है जब न्यूजीलैंड ने भारतीय टीम के खिलाफ सभी मैच जीते हैं। किवी टीम ने पहला और दूसरा मैच भी आसानी से जीत लिया था। वहीं आज तीसरे टेस्ट में भारतीय टीम तीसरे दिन के दूसरे सत्र में जीत के लिए मिला 147 रन का लक्ष्य हासिल नहीं कर पायी। रविन्द्र जडेजा ने घातक गेंदबाजी कर दूसरी पारी में कीवी टीम को 174 रन पर समेट कर भारतीय टीम को जीत का एक सुनहरा अवसर दिलाया था जिसे भारतीय टीम ने खो दिया। भारतीय टीम को जीत के लिए केवल 147 रनों का छोटा सा लक्ष्य मिला था पर टीम उसे हासिल नहीं कर पायी और 26 रनों से हार गयी। न्यूजीलैंड ने भारतीय टीम को 121 रनों पर ही आउट कर उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इस मैच में कीवी टीम की जीत के हीरो स्पिनर एजाज पटेल रहे। एजाज ने इस मैच में कुल 11 विकेट लिए। एजाज ने पहली पारी में 5 विकेट जबकि दूसरी पारी में केवल 57 रन देकर 6 विकेट लिए। वहीं इससे पहले इस मैच में न्यूजीलैंड की टीम ने पहली पारी में 235 रन बनाये थे जबकि भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 263 रन बनाये थे। इस प्रकार भारतीय टीम के पास 28 रनों की मामूली सी बढ़त थी। इसके बाद जडेजा और आर अश्विन ने जबरदस्त गजब गेंदबाजी कर मैच एक बार फिर भार की ओर झुका दिया। इन दोनो ने ही दूसरी पारी में किवी टीम को 174 रन पर आउट कर दिया था। .जडेजा ने इस मैच में कुल 10 विकेट लिए। इसके बाद भारतीय टीम को जीत के लिए 147 रन का लक्ष्य मिला जो आसान नजर आ रहा था पर एजाज पटेल की फिरकी में भारतीय बल्लेबाज उलझकर रह गये। भारतीय टीम के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, शुभमन गिल और सरफराज खान शुरुआत में ही पेवेलियन लौट गये। आधी भारतीय टीम 29 रन ही पेवेलियन लौट गयी। इसके बाद ऋषभ पंत ने आकर आक्रामकर बल्लेबाजी करते हुए एक बार फिर भारतीय टीम की जीत की उम्मीदें जगायीं पर ऋषभ 64 रन बनाकर एजाज का शिकार बन गये और यहीं से मैच भारतीय टीम के हाथों से फिसल गया। न्यूजीलैंड भारत में 3-0 से सीरीज जीतने वाली पहली टीम बन गयी है। वहीं इंग्लैंड 4, ऑस्ट्रेलिया 3 और वेस्टइंडीज़ 1 के बाद न्यूजीलैंड 3 टेस्ट मैचों की सीरीज में भारत को सभी मैच हराने वाली चौथी टीम बन गई है। इसी के साथ ही न्यूजीलैंड की टीम किसी सीरीज में तीन टेस्ट जीतने वाली पहली टीम बन गयी है।

# यश गेंद को दोनों दिशाओं में स्विंग कराने में माहिर

## यश दयाल की गेंदबाजी के मुरीद हुए एंडी फ्लावर



**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने कहा कि यश की गेंदबाजी में दोनों ओर स्विंग कराने की विशेषता उन्हें टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण बनाती है। बता दें कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2025 के लिए अपनी टीम को मजबूती देने के प्रयासों के तहत बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल को 5 करोड़ रुपए में बरकरार रखा है। यश दयाल के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए टीम के मुख्य कोच एंडी ने कहा कि आईपीएल 2024 में यश दयाल ने 14 मैचों में 9.15 की इकॉनमी रेट से 15 विकेट लिए थे और टीम के गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व करते हुए अहम भूमिका निभाई थी। फ्लावर ने आरसीबी की आधिकारिक वेबसाइट पर बताया, हम यश दयाल को टीम में बनाए रखने को लेकर उत्साहित हैं। उनकी अद्वितीय क्षमता और स्विंग गेंदबाजी उन्हें एक खास खिलाड़ी बनाती है। उनका करियर एक ऊर्ध्व दिशा में जा रहा है और हमें विश्वास है कि वे आगामी सीजन में और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। यश दयाल के अलावा फ्लावर ने बल्लेबाज रजत पाटीदार की भी सराहना की। पाटीदार ने पिछले सीजन में 177.13 की स्ट्राइक रेट से 395 रन बनाए थे, जिसमें पांच अर्धशतक शामिल थे। 2021 में अपने पदार्पण के बाद से पाटीदार ने 27 मैचों में 158.85 की स्ट्राइक रेट से 799 रन बनाए हैं। फ्लावर ने कहा कि पाटीदार का लचीलापन और प्रतिभा टीम के लिए बेहद फायदेमंद रहे हैं और आगामी सीजन में उनसे और भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। फ्लावर का मानना है कि यश दयाल और रजत पाटीदार जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ आरसीबी आगामी सीजन में और भी मजबूत टीम बनकर उभरेगी।

# श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच आगामी सीरीज की तारीख तय

**मेलबर्न।** श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच आगामी 2 मैचों की टेस्ट सीरीज और एकमात्र वनडे मैच की तारीखें निर्धारित हो चुकी हैं। यह सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के मौजूदा चक्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। साथ ही, एकदिवसीय मैच से दोनों टीमों को 2025 में पाकिस्तान में आयोजित होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी तैयारियों को मजबूती मिलेगी। पहला टेस्ट मैच 29 जनवरी को गॉल में शुरू होगा, जबकि दूसरा टेस्ट 6 फरवरी से इसी स्थान पर खेला जाएगा। इसके बाद 13 फरवरी को दोनों टीमें एकमात्र वनडे में आमने-सामने होंगी। ऑस्ट्रेलिया इस समय डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में 62.5 प्रतिशत अंक प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि श्रीलंका 55.56 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। ऐसे में, यह सीरीज दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसका परिणाम अगले साल लंदन में होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में उनके भाग्य को निर्धारित कर सकता है। इस सीरीज का परिणाम न केवल ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के लिए, बल्कि भारतीय टीम के लिए भी अहम होगा। भारत का डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचना श्रीलंका-ऑस्ट्रेलिया सीरीज के परिणाम पर निर्भर कर सकता है। वर्तमान स्थिति के अनुसार, भारत को फाइनल में पहुंचने के लिए अपने बचे हुए 6 में से 4 टेस्ट मैच जीतने होंगे, जबकि श्रीलंका को अपने अगले 4 मैचों में से सभी जीतने होंगे और ऑस्ट्रेलिया को अपने 7 में से 4 टेस्ट जीतने होंगे। अगर श्रीलंका अपनी घरेलू परिस्थिति का फायदा उठाकर ऑस्ट्रेलिया को हरा देती है, तो भारत के फाइनल में पहुंचने के चांस बढ़ सकते हैं। अगर भारत न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने आखिरी टेस्ट में जीत हासिल नहीं कर पाता है, तो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी पांच मैचों की सीरीज में उन्हें चार टेस्ट जीतने होंगे, जो कि एक कठिन कार्य होगा। यहां तक कि अगर कोई टेस्ट ड्रॉ होता है, तो इससे भी भारत को नुकसान होने की संभावना है। पिछली बार जब ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका का दौरा किया था, तब टेस्ट सीरीज 1-1 से बराबरी पर खत्म हुई थी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यह प्रतिष्ठित पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 22 नवंबर को पर्थ में शुरू होगी। यह सीरीज भी भारत के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया 2014-15 से इस श्रृंखला में जीत दर्ज नहीं कर पाया है, और तब से भारत ने इस ट्रॉफी पर अपना दबदबा बना रखा है। जहां भारतीय टीम की घोषणा हो चुकी है, वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अभी तक अपनी अंतिम एकादश को सार्वजनिक नहीं किया है।

# लक्ष्मण ने राम मंदिर में पूजा अर्चना की



**अयोध्या।** भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख वी वी एस लक्ष्मण ने अयोध्या पहुंचकर राम मंदिर के दर्शन कर पूजा अर्चना की है। लक्ष्मण अपने परिवार के साथ अयोध्या पहुंचे, जहां उन्होंने सरयू नदी में महा आरती भी की। वह एक दिन अयोध्या में ही रहे। इस दौरान उन्होंने मठ-मंदिर में दर्शन के साथ-साथ स्थानीय संतों से भी आशीर्वाद लिया। लक्ष्मण प्रभु राम के भव्य मंदिर निर्माण को देखकर मंत्रमुग्ध नजर आए और मंदिर परिसर में "जय श्री राम" कहने लगे। लक्ष्मण का ये अयोध्या दौरा गोपनीय रखा गया था। उन्होंने अयोध्या पहुंचने के बाद दर्शन पूजन किया और दूसरे दिन वापस मुंबई के लिए उड़ान भरी। लक्ष्मण का अयोध्या दौरा यह दिखाता है कि कैसे अयोध्या का धार्मिक महत्व और प्रभु राम के प्रति आस्था देश भर के लोगों को अपनी ओर खींच रही है। इससे पहले भी कई प्रमुख हस्तियां यहां दर्शनों के लिए पहुंचती रही हैं।

# रिकी पोंटिंग ने भारत के खिलाफ नाथन मैकस्वीनी से ओपनिंग कराने का दिया सुझाव



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने भारत के खिलाफ आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला में ओपनिंग के लिए अनकैप्ड खिलाड़ी नाथन मैकस्वीनी को टीम में शामिल करने का सुझाव दिया है। पोंटिंग ने ऑस्ट्रेलिया बोर्ड को सलाह दी है कि अनुभवी सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के साथ नाथन मैकस्वीनी को मैदान में उतारा जाय। पोंटिंग ने यह बयान ऐसे समय दिया है जब ऑस्ट्रेलिया-ए टीम और इंडिया-ए टीम के बीच मैकेये के मैदान पर अनऑफिशियल टेस्ट मुकाबला चल रहा है, जिसमें मैकस्वीनी शानदार फॉर्म में दिखाई दे रहे हैं। पोंटिंग पहले युवा खिलाड़ी सैम कोन्स्टास का समर्थन कर रहे थे, जो साउथ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दो शतक लगा चुके हैं। पोंटिंग ने कोन्स्टास को भविष्य का सितारा बताते हुए कहा था कि उनके अंदर प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन अपने अनुभव के आधार पर पोंटिंग ने यह भी माना कि उन्हें अभी कुछ चुनौतीपूर्ण पिचों पर खुद को साबित करना बाकी है। उन्होंने यह भी कहा कि कोन्स्टास ने अभी तक ऑप्टस स्टेडियम या गाबा जैसी चुनौतीपूर्ण पिचों पर नहीं खेला है, न ही पिंक बॉल का सामना किया है, जो उन्हें टेस्ट क्रिकेट में पेश आ सकती है। इसी कारण पोंटिंग का मानना है कि इस युवा खिलाड़ी को घरेलू क्रिकेट में और अधिक अनुभव लेना चाहिए ताकि वह खेल की तेज गति और कठिन परिस्थितियों का सामना करने में और बेहतर बन सके। मौजूदा समय में ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा 37 वर्ष के हो चुके हैं और अपने करियर के अंतिम चरण में हैं। पोंटिंग का मानना है कि इस पृष्ठभूमि में मैकस्वीनी जैसे खिलाड़ी को अवसर देना समझदारी भरा कदम होगा। मैकस्वीनी ने पहले भी ऑस्ट्रेलिया-ए टीम की कप्तानी की है और अपने नेतृत्व कौशल के साथ-साथ अपने खेल में भी निरंतरता और उत्कृष्टता दिखाई है। पोंटिंग का यह बयान ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में नई प्रतिभाओं को अवसर देने की दिशा में एक संकेत माना जा रहा है।

# सीनियर पुरुष हॉकी राष्ट्रीय चैंपियनशिप सोमवार से, चेन्नई करेगा मेजबानी



**नई दिल्ली।** सीनियर पुरुष हॉकी राष्ट्रीय चैंपियनशिप का 14वां संस्करण सोमवार को तमिलनाडु के चेन्नई में मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में शुरू होने वाला है। 16 नवंबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 31 टीमें हिस्सा लेंगी, जिन्हें आठ पूल में बांटा गया है। लीग चरण के दौरान, प्रत्येक टीम अपने पूल की हर दूसरी टीम के खिलाफ खेलेगी। प्रत्येक पूल से शीर्ष टीम 13 नवंबर को क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी, उसके बाद 15 नवंबर को सेमीफाइनल और 16 नवंबर को फाइनल और तीसरे/चौथे स्थान के लिए प्ले-ऑफ होगा। पूल ए में मौजूदा चैंपियन हॉकी पंजाब के साथ दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव हॉकी और छत्तीसगढ़ हॉकी शामिल हैं। पूल बी में हॉकी हरियाणा, तेलंगाना हॉकी, हॉकी हिमाचल और हॉकी मिजोरम शामिल हैं। पूल सी में हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु, हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी आंध्र प्रदेश और हॉकी अंडमान और निकोबार शामिल हैं। पूल डी में हॉकी कर्नाटक, हॉकी चंडीगढ़, हॉकी उत्तराखंड और त्रिपुरा हॉकी शामिल हैं। पूल ई में, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा का मुकाबला ले पुडुचेरी हॉकी, हॉकी राजस्थान और हॉकी अरुणाचल से होगा। पूल एफ में उत्तर प्रदेश हॉकी, दिल्ली हॉकी, केरल हॉकी और हॉकी जम्मू और कश्मीर शामिल हैं। पूल जी में हॉकी झारखंड, हॉकी महाराष्ट्र, गोवा हॉकी और हॉकी गुजरात शामिल हैं। पूल एच में मणिपुर हॉकी, हॉकी बंगाल, हॉकी बिहार और असम हॉकी शामिल हैं। टूर्नामेंट की शुरुआत कई मैचों से होगी, जिसमें उत्तर प्रदेश हॉकी बनाम केरल हॉकी और हॉकी कर्नाटक बनाम हॉकी उत्तराखंड जैसे कई रोमांचक मुकाबले शामिल हैं, जो एक रोमांचक चैंपियनशिप के लिए मंच तैयार करते हैं। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने आगामी टूर्नामेंट के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, "हम चेन्नई में 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी करके बहुत खुश हैं, यह एक समृद्ध हॉकी विरासत वाला शहर है। यह चैंपियनशिप देश भर से सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करती है और भारतीय हॉकी के भविष्य के सितारों को विकसित करने में एक महत्वपूर्ण आयोजन है। मैं सभी टीमों को शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करने के लिए शुभकामनाएं देता हूं।" हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, "यह चैंपियनशिप उच्च गुणवत्ता वाली हॉकी और गहन प्रतिस्पर्धा का वादा करती है। हमने भागीदारी में जबरदस्त वृद्धि देखी है, और देश के सभी कोनों से उत्साह देखना उत्साहजनक है। मैं कुछ रोमांचक मैचों की प्रतीक्षा कर रहा हूं क्योंकि टीमें प्रतिष्ठित खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करती हैं।"

# एचआईएल : दिल्ली एसजी पाइपर्स में शामिल हुईं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता लिली ओवस्ले



**नई दिल्ली।** दिल्ली एसजी पाइपर्स ने हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के आगामी सत्र के लिए इंग्लैंड की मिडफील्डर और महिला हॉकी सुपरस्टार लिली ओवस्ले के साथ करार किया है। दिल्ली एसजी पाइपर्स ने शनिवार को उक्त घोषणा की। लिली ओवस्ले एक बेहद प्रतिष्ठित खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 2016 रियो ओलंपिक में स्वर्ण पदक और 2020 टोक्यो में कांस्य पदक जीता है। इसके अलावा उन्होंने कई अन्य उपलब्धियाँ भी हासिल की हैं। ओवस्ले महिला टीम से 28 वर्षीय डच मिडफील्डर ज़ान डे वार्ड की जगह लेंगी, जिन्होंने निजी कारणों से एचआईएल के इस सत्र से अपना नाम वापस ले लिया है। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार, दिल्ली एसजी पाइपर्स महिला टीम के कोच डेव स्मोलेनर्स ने कहा, "ज़ान डे वार्ड, जो निस्संदेह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं, को खोना टीम के लिए एक झटका है। लेकिन 2 बार की ओलंपिक पदक विजेता लिली ओवस्ले को उनकी जगह लेने में सक्षम होना एक बड़ी राहत है।" उन्होंने कहा, "वह टीम को उसकी क्षमता तक पहुँचने में मदद करने के लिए अपने अनुभव, नेतृत्व और तेज़ गति के खेल का उपयोग करेंगी।" दो बार की ओलंपिक पदक विजेता होने के अलावा, ओवस्ले ने 2022 और 2014 के राष्ट्रमंडल खेलों में क्रमशः स्वर्ण और रजत भी जीता है। उनके पास दो यूरोपीय चैम्पियनशिप पदक भी हैं, 2015 लंदन में स्वर्ण और 2017 एम्सटेलवीन, नीदरलैंड में कांस्य। एसजी स्पोर्ट्स, मीडिया और एंटरटेनमेंट (एसजीएसई) के सीईओ, महेश भूपति ने ओवस्ले का टीम में स्वागत किया। उन्होंने कहा, "लिली का शामिल होना पाइपर्स के लिए शानदार है और मैं उनका टीम में स्वागत करता हूँ। अपने खाते में दो ओलंपिक पदक होने के साथ, वह हमारे लिए अपने साथ बहुत सारा अनुभव लेकर आई हैं जो हमारे लिए बहुत मददगार होगा। वह अपने कौशल और क्षमताओं से खेल को नियंत्रित कर सकती हैं, और एक आक्रामक मिडफील्डर के रूप में उनकी भूमिका दिल्ली एसजी पाइपर्स टीम के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।" दिल्ली एसजी पाइपर्स का स्वामित्व एसजी स्पोर्ट्स, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट (एसजीएसई) के पास है।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

!! भाई - दूज !!

1 संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से,20 दिसंबर तक चलेगा;वन नेशन-वन इलेक्शन और वक्फ विधेयक बिल पेश होने के आसार
2 जयशंकर बोले:कुछ देश दूसरों की तुलना में ज्यादा कॉम्प्लिकेटेड,भारत विश्वामित्र बनकर सभी से मित्रता करना चाहता,मल्टीपावर दुनिया में मित्रता अकेली नहीं रही
3 झारखंड में भाजपा का घोषणा पत्र जारी,अमित शाह तीन रैलियां कर विरोधियों को चुनौती
4 2025 में देश की जनसंख्या 146 करोड़ होने की संभावना,राष्ट्रीय जनगणना अगले साल शुरू होकर 2026 की शुरुआत में खत्म होगी
5 8 से 14 नवंबर तक 11 रैलियां करेंगे पीएम मोदी,महाराष्ट्र के चुनावी रण में और भी बड़े नेता,नेता भी दिखाएंगे जौहर
6 कई आतंकी हमलों के बाद हाई अलर्ट पर जम्मू-कश्मीर, नेशनल कॉन्फ्रेंस ने केंद्र को ठहराया जिम्मेदार;रक्षा मंत्री बोले:सुरक्षा चूक का मुद्दा नहीं
7 5 दिनों में रिटायर होंगे CJI चंद्रचूड़,AMU को अल्पसंख्यक संस्थान का दर्जा,मदरसा कानून की वैधता;5 दिनों में CJI सुनाएंगे 5 बड़े फैसले
8 मोदी ने पीएम पद की गरिमा को नष्ट कर दिया,प्रियंका गांधी का जोरदार हमला;महात्मा गांधी का जिक्र कर कही बड़ी बात, आगे सलाह दी कि कांग्रेस पर ध्यान केंद्रित करने की बजाय पीएम मोदी को सत्य का सहारा लेकर अपने पद की गरिमा बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए
9 वित्तीय सहयोग पहुंचाने के लिए हो रहा पुलिस वाहनों का उपयोग,शिंदे सरकार पर शरद पवार का बड़ा आरोप
10 तेलंगानाः पीएम मोदी के हमले पर सीएम रेवंत का पलटवार,कहा:कांग्रेस ने 11 महीने के शासन में अंधकार खत्म किया
11 शीतकाल के लिए बंद हो जाएंगे यमुनोत्री और केदारनाथ धाम के कपाट,विधि-विधान से प्रक्रिया जारी
12 हिजबुल्ला का एक और शीर्ष कमांडर ढेर,IDF ने किया फाउर को मारने का दावा, इस्राइल पर कई हमलों का था मास्टरमाइंड
13 हालात:बांग्लादेश में अब भी भय का माहौल,हसीना सरकार के तख्तापलट से भारत के साथ व्यापार में बड़ा नुकसान
14 मुंबई टेस्ट:न्यूजीलैंड को 143 रन की बढ़त,दूसरे दिन स्टंप्स तक स्कोर 171/9;भारत पहली पारी में 263 पर ऑलआउट
15 भारत ने अमित शाह के खिलाफ बेतुके आरोपों पर जताई कड़ी नाराजगी,कनाडाई उच्चायोग को भेजे सम्मन
16 पुलवामा में हिजबुल मुजाहिदीन का मददगार गिरफ्तार,ग्रेनेड-पिस्टल समेत हथियार बरामद,तैयार कर रहा था नया आतंकी मॉड्यूल
17 कश्मीर में दहशतगर्दों पर काल बनी सेना,36 घंटों में 3 आतंकी ढेर
18 2025 में देश की जनसंख्या 146 करोड़ होने की संभावना,राष्ट्रीय जनगणना अगले साल शुरू होकर 2026 की शुरुआत में खत्म होगी
19 स्वाति मालीवाल ने CM हाउस के बाहर काला पानी छिड़का,बोलीं:आतिशी को शर्म नहीं आती,ये दिल्ली सरकार की नल से कोका-कोला' की स्कीम है
20 संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक चलेगा;वन नेशन-वन इलेक्शन और वक्फ विधेयक बिल पेश होने के आसार
21 प्रियंका और राहुल गांधी वायनाड में लोकसभा उपचुनाव के लिए करेंगे प्रचार
22 मध्य प्रदेश:बांधवगढ़ नेशनल पार्क में एक के बाद एक 10 हाथियों की मौत,उठ रहे हैं सवाल
23 मेरा नाम दाऊद से जोड़ा तो मानहानि का केस करूंगा, NCP नेता नवाब मलिक ने दी चेतावनी
24 2029-30 तक रक्षा निर्यात 50 हजार करोड़ तक पहुंचने की संभावना:राजनाथ
25 मायावती ने कहा: भाजपा-सपा गठबंधन आपसी समझ से लड़ रहा है यूपी उपचुनाव
26 फारूक अब्दुल्ला ने की उमर के शपथ ग्रहण के बाद घाटी में आतंकी हमलों में वृद्धि की जांच की मांग
27 केरल में हादसा,ट्रेन की चपेट में आने से 4 सफाई कर्मियों की मौत
28 सांसद पप्पू यादव को धमकी देने वाला व्यक्ति गिरफ्तार,किसी गिरोह से संबंध नहीं
29 अडानी की कंपनी ने बांग्लादेश की बिजली आपूर्ति आधी की,पड़ोसी देश का दाम बढ़ाने का आरोप
30 झारखंड को घुसपैठियों के हवाले छोड़ने वाली हेमंत सरकार को जनता देगी करारा जवाब:अमित शाह
31 श्रीनगर में ग्रेनेड अटैक के बाद एक्शन में सुरक्षाबल, हमलावरों को दबोचने के लिए इलाके की घेराबंदी की
32 ऑस्ट्रेलिया जाऊंगा या नहीं मुझे नहीं पता,न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हार के बाद बोले रोहित शर्मा
33 जम्मू-कश्मीर:बीजेपी ने सुनील शर्मा को विपक्ष का नेता LOP' चुना
34 CM योगी को धमकी देने का मामला,फातिमा खान नाम की महिला को पुलिस ने हिरासत में लिया
35 अरविंद केजरीवाल की पदयात्रा का दूसरा चरण आज राजौरी गार्डन इलाके से शुरू
36 झारखंड में दीपावली और रक्षा बंधन पर एक-एक गैस सिलेंडर फ्री दिया जाएगा:अमित शाह
37 मुंबई टेस्ट:72 रन पर भारत को लगा छठा झटका,6 रन बनाकर आउट हुए जडेजा
38 एयरलाइन को धमकी भरे कॉल और मेल करने वाले लेखक को नागपुर पुलिस ने किया अरेस्ट
39 झारखंड:संकल्प पत्र जारी करने पर बोले अमित शाह;भूमि,रोटी और बेटी की सुरक्षा करना BJP का संकल्प
40 बंटोगे तो कटोगे कोई नारा नहीं,एक मंत्र है: गिरिराज सिंह

## बॉक्स ऑफिस पर आखिरी सांसें गिन रहीं विक्की विद्या और जिगरा, लाखों में सिमटी कमाई



राजकुमार राव की 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो और आलिया भट्ट की 'जिगरा का दशहरे के मौके पर बॉक्स ऑफिस पर क्लैश हुआ था. यूं तो रिलीज से पहले दोनों ही फिल्मों का काफी हाईप बना हुआ था लेकिन बड़े पर्दे पर दस्तक देने के बाद 'जिगरा दर्शकों का दिल नहीं जीत पाई तो वहीं 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो की शुरुआत तो अच्छी हुई लेकिन फिर इसकी कमाई का ग्राफ भी ऊपर-नीचे होता रहा. ये फिल्म अब बॉक्स ऑफिस पर अपने आखिरी दिन गिन रही है दरअसल एक नवंबर से सिनेमाघरों में कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 और अजय देवगन की सिंघम अगेन रिलीज हो रही है ऐसे में 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो का पैकअप तय है. इन सबके बीच फिल्म की कमाई की बात करें तो इसने पहले हफ्ते में 27 करोड़ और दूसरे हफ्ते में 10.15 करोड़ का कारोबार किया. वहीं तीसरे फ्राइडे फिल्म ने 65 लाख, तीसरे शनिवार 1.2 करोड़, तीसरे रविवार 1.2 करोड़ और तीसरे सोमवार 46 लाख का बिजनेस किया. वहीं अब फिल्म की रिलीज के तीसरे मंगलवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैहं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो ने 19वें दिन 45 लाख का कलेक्शन किया है. इसी के साथ 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो की 19 दिनों की कुल कमाई अब 41.11 करोड़ रुपये हो गई है. आलिया भट्ट बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस हैं उनकी पिछली कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही थीं. किसी तरह ये फिल्म रेंग-रेंग कर तीसरे हफ्ते में तो पहुंच चुकी है लेकिन इसकी कमाई बेहद रूला देने वाली है. 80 करोड़ की लागत से बनी ये फिल्म अपना आधा बजट भी नहीं वसूल कर पाई है. अब बस ये बॉक्स ऑफिस पर आज या कल भर की मेहमान और है क्योंकि फिर तो सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 के आते ही इसका पत्ता साफ हो जाएगा. इस बीच 'जिगरा की कमाई की बात करें तो इस फिल्म ने पहले हफ्ते में 22.45 करोड़ और दूसरे हफ्ते में 6.85 करोड़ का कलेक्शन किया था. तीसरे फ्राइडे इसने 40 लाख, तीसरे शनिवार 65 लाख, तीसरे रविवार 65 लाख और तीसरे सोमवार 24 लाख का कलेक्शन किया. वहीं अब फिल्म की रिलीज के 19वें दिन यानी तीसरे मंगलवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ चुके हैं, सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'जिगरा ने रिलीज के 19वें दिन यान तीसरे मंगलवार को 23 लाख का कलेक्शन किया है. इसी के साथ 'जिगरा का 19 दिनों का कुल कारोबार 31.47 करोड़ रुपये हो गया है.


### स्त्री 2 के मेकर्स की नई हॉरर-कॉमेडी फिल्म थामा का एलान

# आयुष्मान-रश्मिका के बीच दिखेगी लव-स्टोरी






स्त्री 2 के मेकर्स दिनेश विजान ने दिवाली से पहले बड़ा धमाका कर दिया है. मडोक फिल्म्स के मालिक दिनेश विजान ने अपनी नई हॉरर-कॉमेडी, लवस्टोरी का फिल्म थामा का एलान कर दिया है. फिल्म थामा में आयुष्मान खुराना के साथ साउथ फिल्म एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना लीड रोल में नजर आने वाली हैं. मौजूदा साल में फिल्म स्त्री 2 और मुंज्या से बॉक्स ऑफिस पर करने के अब दिवाली 2025 पर बॉक्स ऑफिस फिर धमाका करने की तैयारी है. बता दें, आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना के अलावा फिल्म में परेश राव और नवाजुद्दीन सिद्दीकी अहम रोल में होंगे. फिल्म थामा के एलान के साथ इसकी स्टारकास्ट का खुलासा एक टीजर शेयर कर किया गया है. फिल्म थामा एक हॉरर-कॉमेडी होने के साथ-साथ एक खौफनाक प्रेम कहानी के एंगल को भी दिखाएगी.



बता दें, फिल्म थामा दिवाली 2025 के मौके पर रिलीज होने जा रही है. फिल्म थामा को आदित्य सरपोतदार डायरेक्टर करेंगे, जिन्होंने पहले मुंज्या जैसी हिट फिल्म बनाई थी.

फिल्म थामा की कहानी निरेन भट्ट, सुरेश मैथ्यू और अरुण फुलारा ने लिखी है. फिल्म थामा का निर्देशन दिनेश विजान और स्त्री 2 के डायरेक्टर अमर कौशिक हैं. बता दें, स्त्री 2 इंडियन सिनेमा की घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है. स्त्री 2 ने हिंदी में 600 करोड़ रुपये से ज्यादा का कलेक्शन कर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली शाहरुख खान की फिल्म जवान और पठान का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है. वहीं, इस दिवाली भूल भुलैया 3 और कॉप एक्शन ड्रामा फिल्म सिंघम अगेन रिलीज होने जा रही है.

# हुमा कुरैशी की मिथ्याः द डार्कर चैप्टर का ट्रेलर जारी, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा



हुमा कुरैशी इन दिनों अपनी आगामी वेब सीरीज मिथ्या: द डार्कर चैप्टर को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। यह 2022 में आई मिथ्या की दूसरी किस्त है। हुमा एक बार फिर जूही अधिकारी बन दर्शकों का मनोरंजन करती हुई नजर आएंगी।अब निर्माताओं ने मिथ्या: द डार्कर चैप्टर का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो सस्पेंस से भरपूर है और इसे प्रशंसक खूब पसंद कर रहे हैं।मिथ्या: द डार्कर चैप्टर की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है। मिथ्या: द डार्कर चैप्टर का प्रीमियर 1 नवंबर, 2024 से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर होने जा रहा है।जी5 ने ट्रेलर साझा करते हुए लिखा, क्या होगा जब आपके अतीत के रहस्य आपके वर्तमान को परेशान करने के लिए वापस आएंगे? जूही को यह पता चलने




वाला है।इस सीरीज में हुमा के अलावा अवंतिका दासानी, नवीन कस्तूरिया, रजित कपूर, इंद्रनील सेनगुप्ता और कृष्णा बिष्ट जैसे सितारे भी नजर आएंगे। कपिल शर्मा ने इस वेब सीरीज का निर्देशन किया है। इस बारे में बात करते हुए हुमा ने एक बयान में कहा, मैं मिथ्या की वापसी से रोमांचित हूं। इस शो ने मुझे एक अभिनेता के रूप में अपने एक अलग पक्ष को तलाशने के लिए प्रेरित किया है - एक ऐसा व्यक्ति जो परिस्थितियों के कारण कमजोर और प्रतिशोधी है। मैं इस रोमांचक, दमदार भूमिका के लिए मेरे बारे में सोचने के लिए निर्माताओं का आभारी हूं और अपने किरदार के जीवन के अगले अध्याय का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। अवंतिका ने साझा किया, यह शो मेरा पहला शो था, और इसने मेरे लिए व्यक्तिगत और पेशेवर दोनों तरह से बहुत कुछ बदल दिया है। मैं इतनी शानदार टीम के साथ काम करने के लिए अविश्वसनीय रूप से आभारी हूं, और सबसे कम उम्र की होने के नाते, मैंने पूरी कास्ट से बहुत कुछ सीखा है। रिया एक जटिल और दिलचस्प किरदार है, और यह सीजन उसके सफ़र को नई ऊंचाइयों पर ले जाता है क्योंकि वह बदला और विश्वासघात से जूझती है। नवीन ने नए सीजन के बारे में बात की और कहा, इतने सफल पहले सीजन वाले शो का हिस्सा बनना एक खुशी और जिम्मेदारी दोनों है, और मैं इसे निभाने के लिए उत्साहित हूं। यह भूमिका मेरे द्वारा पहले किए गए किसी भी किरदार से अलग है - यह दर्शकों के लिए कुछ नया और दिलचस्प है। मैं हुमा कुरैशी और रजित कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करने को लेकर खास तौर पर रोमांचित हूं, दोनों ही बेहतरीन कलाकार हैं और उनके साथ स्क्रीन शेयर करने में मुझे बहुत मज़ा आया।

# नानी की फिल्म हिट द थर्ड केस में हुई श्रीनिधि शेट्टी की एंट्री



अभिनेता नानी तमिल सिनेमा का एक प्रमुख चेहरा हैं। अपनी अदाकारी से वह लाखों दिलों पर राज करते हैं। मुश्किल से मुश्किल किरदार को आसानी से निभाने की कला की वजह से प्रशंसक उन्हें प्यार से नेचुरल स्टार कहते हैं। वह इन दिनों अपनी फिल्म फिल्म सारिपोधा सानिवारम की सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं। इस फिल्म में उन्होंने सूर्या नाम के शख्स का किरदार निभाया है। इस फिल्म के बाद नानी ने कोई ब्रेक नहीं लिया है और अब अपनी आगामी फिल्म हिट द थर्ड केस की शूटिंग में जुट गए हैं। शैलेश कोलानू के निर्देशिन में बन रही इस फिल्म की शूटिंग फिलहाल विजाग में चल रही है। ताजा चर्चा यह है कि केजीएफ में अपनी भूमिका से लोगों पर अपनी अदाकारी की गहरी छाप छोडने वाली श्रीनिधि शेट्टी इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। हालांकि, निर्माताओं ने अभी तक




इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। सिद्धू जोनालागड्डा अभिनीत तेलुसु काडा के बाद यह उनकी दूसरी तेलुगु फिल्म है। हिट 3 का निर्माण प्रशांति टिपिरनेनी द्वारा वॉल पोस्टर सिनेमा के तहत, यूनिनस प्रोडक्शंस के साथ मिलकर किया जा रहा है। मिकी जे मेयर इस एक्शन ड्रामा के लिए संगीत तैयार कर रहे हैं। इस फिल्म को अगले साल रिलीज करने की तैयारी है। जानकारी के अनुसार यह फिल्म 1 मई, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।